हरिभूमि
# बेमेतरा भूमि
रायपुर, शुक्रवार 11 जुलाई 2025

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट

तापमान
अधिकतम 31.5 डिग्री
न्यूनतम 16.8 डिग्री

14 देवकर नपं में पार्षद की शिकायत पर अतिक्रमणकारी किसानों ....



13 डीहपारा बासीन में मनाया गया गुरु पूर्णिमा...



## खबर संक्षेप

### बीजागोड़ शाला में हुआ स्वास्थ्य परीक्षण

**बेमेतरा।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (स्वास्थ्य विभाग) के तहत राष्ट्रिय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम चिरायु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र साजा के द्वारा चिरायु टीम बी के द्वारा शासकीय प्राथमिक शाला बीजगोड़ में सभी उपस्थित बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। स्वास्थ्य परीक्षण में बच्चों का ह्रदय रोग, आंख परीक्षण, दांत परीक्षण, त्वचा रोग, देखने सुनने बोलने में परेशानी, का स्क्रीनिंग कर बच्चों का वजन ऊंचाई भी किया गया। जिसमें कुछ बच्चों को विटामिन, सर्दी, खासी, बुखार की दवाई देकर उपचार भी किया गया। स्वास्थ्य परीक्षण में डॉ सोनल ठाकुर (चिकित्सा अधिकारी) राजू कुमार खांडे (फार्मेसिस्ट) इत्यादि उपस्थित रहे। नवाचारी शिक्षिका चंदा सिन्हा की उपस्थिति में बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण चिरायु टीम के द्वारा किया गया। प्रधान पाठक विशेषर नेताम द्वारा स्वास्थ परीक्षण में उपस्थित बच्चों को उनके अच्छे स्वास्थ्य के लिए शुभकामनायें दी गयी।

### केन्द्रीय विद्यालय को मिली मंजूरी, होगा संचालन प्रारंभ

**बेमेतरा।** भारत सरकार द्वारा नागरिक/रक्षा क्षेत्र में 85 नए केन्द्रीय विद्यालयों की स्थापना के निर्णय के अंतर्गत बेमेतरा जिले को एक नई सौगात मिली है। केन्द्रीय विद्यालय संगठन द्वारा जारी आदेश के अनुसार केन्द्रीय विद्यालय बेमेतरा की स्थापना को स्वीकृति मिल गई है, और यह विद्यालय शैक्षणिक सत्र 2025-26 से संचालन प्रारंभ करेगा।नए केन्द्रीय विद्यालय के संचालन के लिए बेमेतरा के शासकीय उत्कृष्ट माध्यमिक विद्यालय भवन, बावामोहतरम तहसील-बेमेतरा को नामांकित स्थान के रूप में चयनित किया गया है। भूमि हस्तांतरण एवं उपयुक्त अस्थायी भवन की उपलब्धता के बाद विद्यालय का संचालन शीघ्र प्रारंभ किया जाएगा। प्रारंभिक चरण में विद्यालय कक्षा 1 से 5 तक (प्रत्येक कक्षा में एक-एक सेक्शन) संचालित होगा, तथा भविष्य में कक्षाओं की संख्या बढ़ाई जाएगी। आदेश में यह भी स्पष्ट किया गया है कि प्रवेश प्रक्रिया भूमि हस्तांतरण और भवन की अन्य सभी औपचारिकताएं पूर्ण होने के 30 दिनों के भीतर पूरी कर ली जाएगी। यह विद्यालय बेमेतरा जिले में शिक्षा के क्षेत्र में एक नया मील का पत्थर साबित होगा और स्थानीय बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का अवसर प्रदान करेगा।

### मतदाता सूची में नाम जोड़ने कालेजों में शिविर 14 से

**बेमेतरा।** भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली के निर्देशानुसार जिले के महाविद्यालयों में अध्ययनरत 18 से 19 वर्ष आयु वर्ग के छात्र-छात्राओं का नाम मतदाता सूची में जोड़ने हेतु विशेष शिविर आयोजित किया जा रहा है। इस संबंध में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कार्यालय से जारी आदेश के अनुसार शासकीय पं. जवाहर लाल नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय बेमेतरा में 14 जुलाई तथा शासकीय लक्ष्मण प्रसाद वैद्य कन्या महाविद्यालय बेमेतरा में 16 जुलाई पूर्वान्ह 11.00 बजे से शिविर आयोजित किया जाएगा। इस विशेष शिविर का उद्देश्य उन नए मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में जोड़ना है, जो 18 से 19 वर्ष की आयु सीमा में हैं। शिविर में भाग लेने वाले विद्यार्थियों को ऑनलाइन फॉर्म-6 भरना होगा। इसके लिए उन्हें आधार कार्ड, 10वीं की अंकसूची, पासपोर्ट साइज फोटो, तथा परिवार के किसी एक सदस्य का फोटो परिचय पत्र साथ लाना अनिवार्य किया गया है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने दोनों महाविद्यालयों के प्राचार्यों को निर्देशित किया है कि वे अपने महाविद्यालय के समस्त विद्यार्थियों को शिविर की जानकारी दें तथा आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें। शिविर में विद्यार्थियों की उपस्थिति एवं दस्तावेजों की पूर्ति के आधार पर नाम जोड़ने की प्रक्रिया पूर्ण की जाएगी। निर्वाचन कार्यालय की शेष पेज 13 पर

# कंतेली सोसाइटी में खाद का पर्याप्त भंडारण, किसानों को मनचाही खादों का किया वितरण

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बेमेतरा

कृषि विभाग द्वारा सेवा सहकारी समिति कंतेली का निरीक्षण किया गया, जिसमें समिति में उर्वरक भंडारण एवं वितरण व्यवस्था की विस्तार से समीक्षा की गई। निरीक्षण के दौरान यह सुनिश्चित किया गया कि किसानों को कृषि कार्य के लिए आवश्यक उर्वरक जैसे यूरिया, पोटाश, एसएसपी आदि पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध कराए जा रहे हैं।

निरीक्षण के दौरान डीएपी (डाय अमोनियम फास्फेट) की अपेक्षा एसएसपी (सिंगल सुपर फास्फेट) को भंडारित कर वितरण करने के निर्देश दिए गए। समिति प्रबंधन एवं उपस्थित कृषकों को बताया गया कि डीएपी में केवल नाईट्रोजन और फास्फोरस तत्व ही उपलब्ध होते हैं, जबकि एसएसपी में फास्फोरस के साथ-साथ कैल्शियम एवं सल्फर जैसे अतिरिक्त पोषक तत्व भी शामिल होते हैं, जो फसल के सम्पूर्ण पोषण और भूमि की उर्वरता बनाए रखने में अत्यंत सहायक हैं।कृषकों को दी गई तकनीकी जानकारी

निरीक्षण के दौरान समिति में उपस्थित कृषकों को विस्तारपूर्वक बताया गया कि डीएपी की जगह एसएसपी का उपयोग करने से न केवल पौधों की जड़ें मजबूत होती हैं बल्कि सल्फर तत्व के कारण पौधों की रोग प्रतिरोधक क्षमता भी बढ़ती है। कैल्शियम मिट्टी की संरचना को सुधारता है और फसल की गुणवत्ता को बेहतर बनाता है। इससे भूमि की दीर्घकालीन उर्वरता बनी रहती है।

## सेवा सहकारी समिति कंतेली का किया निरीक्षण, खाद भंडारण की समीक्षा की

### कृषक जयकुमार ने उठाया लाभ

ग्राम भुरकी निवासी कृषक जयकुमार पिता बुधराम (रकबा 1.50 हेक्टेयर) ने निरीक्षण के दौरान समिति से यूरिया 8 बोरी, एसएसपी 6 बोरी तथा पोटाश 2 बोरी का तुरंत उठाव किया। उन्होंने बताया कि पहले उनके खेतों में गोटा (स्थानीय नाम चमरगोटा) जैसी समस्या देखने को मिलती थी, परंतु एसएसपी का नियमित उपयोग करने से अब यह समस्या पूरी तरह समाप्त हो चुकी है। उन्होंने एसएसपी के उपयोग को अत्यंत प्रभावी और लाभकारी बताया।



**उर्वरक की कोई कमी नहीं, पर्याप्त भंडारण:** सेवा सहकारी समिति कंतेली में निरीक्षण के दौरान यह भी सुनिश्चित किया गया कि किसानों को आवश्यकतानुसार शेष पेज 13 पर

### केसीसी और एग्रेस्टैक पंजीयन का निर्देश

निरीक्षण टीम द्वारा समिति को किसान क्रेडिट कार्ड तथा एग्रेस्टैक पोर्टल में अधिक से अधिक किसानों के पंजीयन के लिए निर्देशित किया गया, ताकि किसान सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ समय पर प्राप्त कर सकें। राज्य सरकार एवं कृषि विभाग द्वारा किसानों की सुविधा हेतु सेवा सहकारी समितियों को सशक्त किया जा रहा है। समय पर खाद वितरण, वैकल्पिक उर्वरकों के प्रति जागरूकता, तथा वैज्ञानिक सलाह से अब किसान फसल उत्पादन और मिट्टी की सेहत, दोनों को संतुलित रख पा रहे हैं। निरीक्षण का उद्देश्य भी यही था कि किसानों तक समुचित और संतुलित पोषणयुक्त उर्वरक पहुंच सके और कृषि क्षेत्र को आत्मनिर्भर एवं टिकाऊ बनाया जा सके।

## बारिश

### नदी-नाले उफान पर, जलाशय लबालब, बिजली संकट से बढ़ी परेशानी

# 48 घंटे में 6 इंच बारिश से किसानों को मिली राहत, आज भारी वर्षा के संकेत

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बेमेतरा

प्रदेशभर में मानसून के एक्टिय होने के बाद अंचल में महज 48 घंटे के भीतर तस्वीर बदल गई है, जो नदी-नाले सूखी पड़े हुए थे, वहां अब कई फीट तक पानी देखने को मिल रहा है। कमजोर मानसून से परेशान चल रहे जिलेवासियों को पिछले 48 घंटे में कापी राहत मिली है। कोटे से 65 फीसदी तक दूर चल रहे चारिश के आंकड़ों में पिछले दो दिनों में हुई छह इंच पारिश के बाद काफी हद तक सुधार आ गए हैं।

मौसम विभाग के मुताविक आज भी बेहतर बारिश को संभावना अंचल में बनी हुई है। इधर भारी बारिश के बाद अंचल के सभी नदी-नाली में जलभराय बढ़ गया है। वही खेतों में भी अब बोनी के लिए पर्याप्त पानी किसानों के पास आ गया है। हालांकि जिले के कई क्षेत्र में भारी बारिश के चलते कई तरह की दिक्कत भी देखने को मिली है। शहर से लेकर गांव तक निचले इलाकों जलभराव की शिकायते सामने आ रही है। बिजली संबंधित शिकायतें भी बारिश के बाद इजाफा देखने को मिल रहा है। प्रशासन भी अब नदी-नालों में पानी बढ़ने के बाद अलर्ट मोड पर आ गया है। नदी किनारे बसे गांव में भी अब मुनादी कराने की तैयारी कर ली गई है। विभाग के अनुसार एक निम्न दवाव का क्षेत्र दक्षिण गंगेटिक पश्चिम बंगाल और उसके आसपास स्थित है। इसके साथ उपरी सतह का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण 76 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है।



### जिले में अब तक 167.3 मिमी. औसत वर्षा दर्ज

चालू बारिश सीजन के दौरान बेमेतरा जिले में 01 जून से 10 जुलाई तक की स्थिति में जिले में 167.3 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है। जिले में अब तक सर्वाधिक वर्षा तहसील थानखम्हरिया में 232.8 मि.मी. तथा न्यूनतम 79 मि.मी. वर्षा नवागढ़ तहसील में दर्ज की गई है। संयुक्त जिला कार्यालय के भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार बेमेतरा तहसील मे 122.8 मि.मी. वर्षा, नांदघाट तहसील में 190.8 मि.मी. वर्षा, बेरला तहसील में 174.5 मि.मी., देवकर तहसील में 179 मि.मी, वर्षा दाढ़ी तहसील मे 224.4 मि.मी., वर्षा भिंभौरी तहसील में 131.5 मि.मी. एवं साजा तहसील में 171 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है।

### भारी वर्षा से नवागांवकला के घरों में घुसा पानी, बढ़ी परेशानी

**दाढ़ी /छिरहा।** मानसून की सक्रिय होते ही छिरहा अंचल में जोरदार बारिश हो रही हैं। जहां किसानों के चेरहे पर इस बारिश खुशी झलक रही वही एक तरफ नवागांवकला के मोहल्ले में बारिश की पानी लोगो के लिए आफ़त बनी हुई हैं। नवागांवकला के मुख्य चौंक से लगे हुए मुहल्ले में बारिश का पानी घरों में घुस गया हैं। लोग अपनी जरूरत के सामाग्री को घर के ऊंचे स्थान पर रखे हुए हैं, उनके पास रहने-खाने तथा सोने की समस्या खड़ी हो गई हैं। मोहल्लेवासी इन दिनों रात्रि जागरण करने को मजबूर हैं। दिनभर खेती-किसानी का काम करने के बाद दो मिनट आराम करने को तरस रहे हैं। जलभराव का मुख कारण बारिश की पानी निकासी का मार्ग न होना। मोहल्लेवासी इस हेतु ग्राम पंचायत नवागांवकला सरपंच से समस्या समाधान हेतु आग्रह किये, किंतु उन्होंने मैं क्या कर सकता हूँ /" बोलकर हाथ खड़े कर दिए। अब मोहल्लेवासी के पास समस्या ज्यों का त्यों बना हुआ हैं, उनके जहन में एक ही सवाल दौड़ रही शेष पेज 13 पर



# बुचीडीह हत्याकांड की गुत्थी सुलझी पत्नी को रिमांड पर जेल भेजा गया

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बेमेतरा

बेरला थाना इलाके के ग्राम बुचीडीह में बिहारी युवक के हत्याकाण्ड मामले पत्नी ही आरोपी निकली ।हत्याकाण्ड की जांच में लगी पुलिस की टीम ने मृतक अभिषेक सिंह की 30 वर्षीय पत्नी रीना पारधी उर्फ जंगो को गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस ने खुलासा करते हुए बताया कि इस मर्डर का असल कारण बीते 6 जुलाई व 07 जुलाई की मध्यरात्रि में नशे में धुत पति-पत्नी के बीच हुए वाद-विवाद को माना जा रहा है। जिसके परिणामस्वरूप आरोपी पत्नी ने पति को धारदार हसिया से सिर पर ताबड़तोड़ प्राणघातक हमला कर जान ले ली। फिलहाल आरोपी पत्नी की विधिवत गिरफ्तारी कर न्यायिक रिमाण्ड भेजा गया है।

### दर्जनों संदेही से पूछताछ की

जानकारी के मुताबिक बेरला थाना के सरदा इलाके में स्थित बुचीडीह बस्ती में एक स्थानीय पारधी परिवार के बीच 27 साल के एक बिहारी नवयुवक अभिषेक सिंह चौहान रहा रहा था, जो पारधी बस्ती के ही 30 वर्षीय रीना पारधी उर्फ जंगो के साथ पति-पत्नी के रूप दांपत्य जीवन बिता रहा था। इसी बीच यह वारदात हुई। जिसकी बेरला थाना में प्रार्थी द्वारा शिकायत दर्ज कराया गया था एवं पुलिस अफसरों के दिशानिर्देश व मार्गदर्शन पर जांच टीम द्वारा घटना के सम्बंध में गहनता से पूछताछ व खोजबीन की गई। फोरेंसिक एक्सपर्ट व डॉग स्क्वाड के साथ साइबर टीम का भी सहारा लिया गया। इसके अलावा इस मामले में दर्जनो संदेही व संदिग्ध लोगो को उठाकर जानकारी ली गयी। जिसके आधार पर पुलिस को आरोपी पत्नी की असमान्य हरकतों एवं भ्रामक जानकारी पर आशंका हुई। शेष पेज 13 पर



- पति से आधी रात नशे में हुआ विवाद बना मर्डर का कारण
- फोरेंसिक एक्सपर्ट व डॉग स्क्वाड के साथ साइबर टीम ने विवेचना की

### किसानों के लिए राहतभरी योजना

# कृषि उन्नति योजना के तहत किसानों को दिया जाएगा 15,351 रुपए का प्रति एकड़ अनुदान

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बेमेतरा

राज्य सरकार ने खरीफ सीजन 2025 के लिए "कृषि उन्नति योजना" के क्रियान्वयन हेतु दिशा-निर्देश जारी कर दिए हैं। इस महत्वाकांक्षी योजना के तहत किसानों को अब खेती के लिए अधिक सहयोग मिलेगा, जिससे वे न केवल उत्पादन बढ़ा सकेंगे, बल्कि अपनी आय में भी वृद्धि कर पाएंगे। योजना के तहत किसानों को फसल की विविधता एवं आधुनिक कृषि तकनीक अपनाने के लिए 15,351 प्रति एकड़ तक की अनुदान सहायता प्रदान की जाएगी।

**योजना के प्रमुख बिंदु:** धान, मक्का, दलहन, तिलहन, कोदो, कुटकी, रागी, कपास जैसी फसलों की खेती करने वाले किसानों को 10,000 प्रति एकड़ का अनुदान मिलेगा। जो किसान धान की जगह अन्य फसलें जैसे दलहन-तिलहन अपनाएंगे, उन्हें 11,000 प्रति एकड़ की प्रोत्साहन राशि दी जाएगी।इस सहायता राशि में बीज, उर्वरक, कीटनाशक, यांत्रिकीकरण और नवीन कृषि तकनीकी से जुड़ी लागत शामिल है। कृषक उन्नति योजना के तहत कुल सहायता राशि 15,351 प्रति एकड़ तक दी जा सकती है, जिसमें अन्य घटक जैसे मशीनीकरण, जैविक आदान एवं प्रशिक्षण भी शामिल होंगे।

**कृषकों को मिलेगा निवेश का अवसर:** मंत्रालय द्वारा जारी दिशा-निर्देशों में बताया गया है कि राज्य का अधिकांश भाग वर्षा आधारित है। ऐसे में मौसम की अनिश्चितता और महंगी कृषि लागत के शेष पेज 13 पर



### कृषि विभाग करेगी निगरानी और सहायता

राज्य के कृषि विकास एवं किसान कल्याण तथा जैव प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा योजना के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु जिला और ब्लॉक स्तर पर कृषि अधिकारियों को निर्देशित किया गया है। कृषि मित्रों और ग्राम स्तरीय कर्मचारियों के माध्यम से किसानों तक योजना की जानकारी और लाभ पहुँचाने की रणनीति तैयार की गई है। किसान खरीफ 2025 सीजन के लिए अपने नजदीकी कृषि केन्द्र या ग्राम पंचायत में संपर्क कर योजना में आवेदन कर सकते हैं। योजना की विस्तृत जानकारी जिला कृषि कार्यालय, कृषि विभाग की वेबसाइट एवं ग्राम पंचायत स्तर पर उपलब्ध होगी। कृषि को आत्मनिर्भर और समृद्ध बनाने की दिशा में यह योजना मील का पत्थर साबित होगी। राज्य सरकार का उद्देश्य स्पष्ट है किसान मजबूत होगा, तो प्रदेश समृद्ध होगा।

# शासकीय जमीन पर बेजाकब्जा पर कार्रवाई नहीं, ग्रामीणों में आक्रोश



हरिभूमि न्यूज ▸▸ साजा

अवैध कब्जा कर प्रशासन को चुनौती देना कोई साजा शहर से सीखे जहां लोगों में कानून का कोई भय नजर नहीं आता लंबे समय से अतिक्रमण पर कोई कार्यवाही शहर में नहीं हुई जिसके चलते अवैध कब्जाधारियों के चंगुल में आधा शहर आ गया। प्रशासन में बैठे अफसरों के ढीले ढाले रवैया के चलते लगातार अतिक्रमण बढ़ता गया हद तो तब पार हो गयी जब ठेले पर चखना सेंटर चला कर शराब पिलाने वालों ने सामूहिक रूप से मुख्य मार्ग की एक जगह पर बकायदा जेसीबी चलवा कर हरि जाली और नेट के साथ लंबे चौड़े जगह पर कब्जा करने की तैयारी कर ली इसके लिए उन्हें किसी के परमिशन की जरूरत भी नहीं पड़ी नगर पंचायत से महज 50 मीटर दूर मुख्य मार्ग पर शेष पेज 13 पर

### चंदा वसूली

सूत्रों की माने तो पूरे चखना सेंटर वालो ने मिलकर राशि वसूल की उसके बाद बाकायदा नेट लगाकर सरकारी नियमों का पालन करने का दिखावा भी किया जिस स्थान पर यह कब्जा किया जा रहा है वहां पर पेट्रोल पंप के साथ सरकारी क्वार्टर बना हुआ है जहां कई परिवार रहते है इन दुकानों के चलते शराबियों क जमवाड़ा सड़कों पर लगा रहता है लोग रोड से निकलने से कतराते हैं शहर में होने वाला आधा अपराध इन्हीं स्थानों पर होता है।

### फार्म 6,7, 8, और 6बी की जानकारी दी

# मतदाता सूची पुनरीक्षणः बीएलओ व सुपरवाइजरों का प्रशिक्षण प्रारंभ

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बेमेतरा

भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली तथा मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी छत्तीसगढ़, रायपुर के निर्देशानुसार फोटोयुक्त निर्वाचन नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के पूर्व /"राष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम/" के अंतर्गत जिले में बीएलओ (बूथ लेवल ऑफिसर) एवं बीएलओ सुपरवाइजरों का प्रशिक्षण 10 जुलाई से प्रारंभ हो गया है। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य मतदाता सूची को शुद्ध, अद्यतन और त्रुटिरहित बनाना है, ताकि आगामी निर्वाचन प्रक्रियाएं सुचारु एवं निष्पक्ष रूप से सम्पन्न हो सकें।

विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 69-बेमेतरा अंतर्गत तहसील बेरला में 10 जुलाई से 12 जुलाई 2025 तक बीएलओ एवं बीएलओ सुपरवाइजरों का प्रशिक्षण जनपद पंचायत बेरला के सभाकक्ष में बैचवार आयोजित किया गया है। इसके पश्चात तहसील बेमेतरा, तहसील साजा एवं तहसील नवागढ़ में 14 जुलाई से 17 जुलाई 2025 तक क्रमशः प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित किए जाएंगे। सभी संबंधित क्षेत्रों के बीएलओ और सुपरवाइजरों को अनिवार्य रूप से प्रशिक्षण में भाग लेने हेतु निर्देशित किया गया है।



### प्रशिक्षण की मुख्य विशेषताएं

प्रशिक्षण में निर्वाचन कार्य से जुड़ी विभिन्न प्रक्रियाओं की गहन जानकारी प्रदान की जा रही है। मास्टर ट्रेनर्स के माध्यम से बीएलओ एवं सुपरवाइजरों को निम्न बिंदुओं पर विस्तारपूर्वक प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

### निर्वाचन नामावली में संशोधन की प्रक्रिया

फार्म 6, 7, 8 एवं 6बी के प्रबंधन की प्रक्रिया, मतदाता सूची में नवीन प्रविष्टि, विलोपन एवं सुधार से संबंधित प्रावधान, निर्वाचन आयोग के संवैधानिक एवं विधिक दिशा-निर्देश, शुद्ध, पारदर्शी एवं अद्यतन मतदाता सूची तैयार करने हेतु तकनीकी उपकरणों का उपयोग, प्रशिक्षण के दौरान उपस्थित कर्मियों को उनकी भूमिका एवं उत्तरदायित्वों से भलीभांति अवगत कराया जा रहा है, ताकि मतदाता सूची का पुनरीक्षण कार्य समयबद्ध एवं त्रुटिरहित तरीके से संपन्न हो सके। जिला निर्वाचन कार्यालय के अधिकारियों ने बताया कि इस प्रशिक्षण से बीएलओ एवं सुपरवाइजरों की दक्षता में वृद्धि होगी, जिससे लोकतांत्रिक व्यवस्था को और अधिक सशक्त बनाया जा सकेगा।

# राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण की नपं उपाध्यक्ष प्रतिनिधि बनीं

हरिभूमि न्यूज ▸▸ साजा

नगर पंचायत साजा की उपाध्यक्ष श्रीमती प्रेरणा शौर्यजीत सिंह को असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों को कानूनी सेवाएं प्रदान करने हेतु राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण योजना 2015 के अंतर्गत गठित विशेष सेल में गैर-सरकारी संगठन प्रतिनिधि के रूप में नामित किया गया है।

यह नामांकन जिला दण्डाधिकारी, बेमेतरा द्वारा उनकी सामाजिक क्षेत्र में सक्रिय भूमिका और उल्लेखनीय कार्यों को ध्यान में रखते हुए किया गया है। इस योजना के अंतर्गत जिले में कार्यरत असंगठित श्रमिकों को कानूनी सहायता, जागरूकता एवं संरक्षण प्रदान करने के लिए विशेष प्रयास किए जाएंगे, जिसमें श्रीमती सिंह का योगदान महत्वपूर्ण रहेगा। इस अवसर पर श्रीमती प्रेरणा सिंह ने कहा, यह मेरे लिए एक सम्मान की बात है कि मुझे समाज के सबसे कमजोर वर्ग - असंगठित श्रमिकों - की सेवा हेतु यह उत्तरदायित्व सौंपा गया है। मैं पूरी निष्ठा से अपने कर्तव्यों का पालन करूंगी और ज़रूरतमंदों को न्याय दिलाने के लिए सदैव तत्पर रहूंगी। नगर पंचायत साजा एवं जिले के विभिन्न जनप्रतिनिधियों एवं सामाजिक संगठनों ने उन्हें बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।



## खबर संक्षेप



### गुरुओं का किया सम्मान

**डोंगरगढ़।** प्राथमिक शाला छिंदीजोब में गुरु पूर्णिमा श्रद्धा के साथ मनाया गया। प्रधानपाठक सरिता सलामे, शिक्षक चोवाराम साहू का जिपं सभापति अनिता मंडावी ने श्रीफल गमछा भेंट कर सम्मान किया। भाजपा कार्यकर्ता विदेशीराम, मुन्नालाल टेकाम, उमेद पटौदी, आनंद निषाद, राजू पुराम, पुकारसिंह ठाकुर, तिलका बाई, सविता, कैलाश,अरविंद नंदेश्वर की मौजूदगी में सभी छात्रों ने गुरु पूर्णिमा मनाया।

### डीईओ ने बच्चों को किया प्रेरित



**डोंगरगांव।** पीएमश्री स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय का जिला शिक्षा अधिकारी प्रवास बघेल ने औचक निरीक्षण किया। उन्होंने ग्यारहवीं और बारहवीं विज्ञान के बच्चों को आईआईटी, नीट, जेईई और अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की जानकारी दी। उन्हों ने एनसीआरटी किताबों की उपयोगिता के बारे में बताया और ग्यारहवीं एवं बारहवीं में गणित, भौतिकी एवं रसायन विषयों को इसी किताब से पढ़ाने के निर्देश दिए। उन्होंने जिला स्तर पर बच्चों के लिए कोचिंग सुविधा की जानकारी दी जिसमें प्रत्येक शनिवार और रविवार को बक्शी स्कूल राजनांदगांव में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए विषय विशेषज्ञों द्वारा कक्षाएं ली जाएगी और नोट्स उपलब्ध कराए जाएंगे । बच्चों को पुस्तकालय का उपयोग करने और विभिन्न उपयोगी किताबों को पढ़ने प्रेरित किया।

### बाल कैबिनेट गठन, जयप्रकाश बने प्रधानमंत्री



**खैरागढ़।** ब्लाक के नवागॉव लोधी प्राशा में बाल कैबिनेट का गठन किया गया। प्रधान पाठक शैलेश कुमार सोनी व शिक्षक महेंद्र कुमार पाल के मार्गदर्शन में केबिनेट में प्रधानमंत्री जयकुमार निर्मलकर, उप प्रधानमंत्री देविका यादव, कृषि व बागवानी मंत्री मोहित निर्मलकर, आलोक रजक, खेल मंत्री देवा ठाकुर, स्वास्थ्य मंत्री हिमांशु यादव व हितेश रजक, स्वच्छता मंत्री पूर्वी रजक, प्रतिष्ठा ठाकुर, मध्यांह भोजन मंत्री तारा रजक, अंकुर रजक, अनुशासन मंत्री विहान धुर्वे, पूनम यादव को मनोनीत किया गया। इसी प्रकार कक्षा नायक पांचवीं हितेश रजक, चौथीं पूर्वी रजक, तीसरी नागेश माहरा, दूसरीं हर्षिका रजक, पहलीं मनेश सिंह ठाकुर को बनाया।

## कलेक्टर ने किया शालाओं का निरीक्षण

# शिक्षा गुणवत्ता सुधार की दिशा में प्रभावशाली पहल

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़



जिले में शिक्षा की गुणवत्ता को सुदृढ़ बनाने प्रशासन द्वारा किए जा रहे प्रयासों के तहत कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल ने ब्लाक के विभिन्न शासकीय विद्यालयों का निरीक्षण कर शिक्षण व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने शैक्षणिक वातावरण, शिक्षण विधियों, मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता तथा नवाचारों का अवलोकन किया।

प्राथमिक शाला बैहाटोला में कलेक्टर ने स्मार्ट क्लास, दीवार पत्रिका और लूडो जैसे शैक्षणिक खेलों के माध्यम से बच्चों को सीखने की प्रक्रिया से जोड़ने के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कक्षा पहली एवं दूसरी के विद्यार्थियों को खेल आधारित शिक्षण पद्धति से जोड़ने को एक अभिनव पहल बताया। प्रधानपाठक भगवती प्रसाद सिन्हा ने बताया कि ग्राम के शिक्षित युवक युवतियों को स्वेच्छा से अध्यापन से जोड़ने सरपंच को पत्र सौंपा गया था जिसके फलस्वरूप तीन युवतियां निःशुल्क अध्यापन कार्य करा रही है। कलेक्टर ने इस सामुदायिक सहभागिता को प्रेरणास्पद बताते हुए अन्य ग्रामों में भी इसे अपनाने कहा। मध्यान्ह भोजन को लेकर उन्होंने रसोईया हीरो बाई यादव से जानकारी ली। कलेक्टर ने कहा कि विद्यालयों में नवाचार, सामुदायिक सहभागिता और सकारात्मक शैक्षणिक वातावरण ही शिक्षा में गुणवत्ता लाने की कुंजी हैं। उन्होंने ऐसे प्रयासों को जिले के अन्य विद्यालयों में मॉडल के रूप में लागू करने की आवश्यकता है।

### बच्चों की समझ को परखा

प्राथमिक शाला गहिराटोला में बालवाड़ी के नन्हें बच्चों से संवाद करते हुए उन्होंने टीवी और रिमोट जैसे विषयों पर उनकी समझ को परखा। विद्यालय के किचन गार्डन में मौसमी सब्जियों, गन्ना और केला के पौधों को देखकर उन्होंने संतोष व्यक्त किया और इसे बच्चों के समग्र विकास से जोड़कर नवाचार की दृष्टि से महत्वपूर्ण बताया। पूर्व माध्यमिक शाला विक्रमपुर में उन्होंने सेवानिवृत्त शिक्षक समय लाल धुर्वे द्वारा निःशुल्क अध्यापन कार्य किए जाने की सराहना की। पूर्व माध्यमिक शाला कटंगीखुर्द और हायर सेकेंडरी स्कूल विक्रमपुर के निरीक्षण के दौरान भी उन्होंने शिक्षकों व विद्यार्थियों से संवाद कर शिक्षण व्यवस्था का मूल्यांकन किया। हायर सेकेंडरी स्कूल विक्रमपुर में शाला विकास समिति द्वारा नियुक्त शिक्षक शिवकुमार यादव से उन्होंने विद्यालय संचालन से संबंधित जानकारी प्राप्त की। निरीक्षण दौरान बीईओ नीलम सिंह राजपूत, बीआरसी सुजीत सिंह चौहान भी साथ मौजूद रहे।

# कट्टहा नवागांव में महर्षि वेदव्यास स्मृति में बच्चों ने मनाई गुरु पूर्णिमा

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़




ब्लाक के शासकीय प्राथमिक शाला कट्टहा नवागांव में स्कूली बच्चों ने गुरु पूर्णिमा श्रद्धा, भक्ति व उत्साह के साथ मनाया। शाला परिवार के साथ ग्रामवासियों ने गुरु परंपरा की गरिमा को आत्मसात किया।

प्रधान पाठक रामलाल साहू ने बच्चों को गुरु पूर्णिमा का महत्व समझाते हुए बताया कि इस दिन को महर्षि वेदव्यास जी की जयंती के रूप में मनाया जाता है, जिन्होंने वेदों का संकलन व विभाजन कर ज्ञान को व्यवस्थित स्वरूप प्रदान किया। उन्होंने महाभारत, गीता, गरुड़ पुराण सहित अठारह प्रमुख पुराणों की रचना कर सनातन ज्ञान को जन-जन तक पहुंचाया। उन्होंने बच्चों को अपने जीवन के प्रथम गुरु माता पिता सहित प्रत्येक मार्गदर्शक के प्रति श्रद्धा, सम्मान और कृतज्ञता रखने कहा।

इस दौरान शाला विकास समिति सदस्य राधेलाल बर्मन, देवकरण वर्मा, शांति बाई और कलेश्वरी जोशी उपस्थित रहे जिनका तिलक व पुष्पगुच्छ से स्वागत किया गया। बच्चों ने अपने गुरुओं को पेन भेंट कर अपने भावनात्मक सम्मान को व्यक्त किया। सहायक शिक्षक नीलम कुमार वर्मा ने कहा कि गुरु वही होता है जो जीवन को सही दिशा दे और अंधकार से प्रकाश की ओर ले जाए। उन्होंने बच्चों को अपने गुरुजनों व बड़ों के प्रति सदा आदर विनम्रता बनाए रखने कहा। कार्यक्रम का समापन प्रसाद वितरण के साथ हुआ।

### मंडल भाजपा ने किया गुरूओं का सम्मान



गुरू पर्व को देखते हुए ब्लाक के महरूमकला स्थित प्राथमिक और पूर्व माध्यमिक शाला महरूमकला मे पदस्थ सभी के सभी शिक्षकों का सम्मान भारतीय जनता पार्टी मंडल ठेलकाडीह अध्यक्ष भोज बंजारे के नेतृत्व में श्रीफल भेंट कर किया गया। प्रधान पाठक गोवर्धन सेन सहित पूरे स्टाफ का सम्मान करते हुए भोज बंजारे ने कहा कि शिक्षक सिर्फ शिक्षकीय ज्ञान नही देता अपितु जीवन को अंधकार से उजाले की ओर ले जाने वाला होता है। उन्होंने शिक्षक को समाज का दर्पण बताते हुए कहा कि जीवन के हर पड़ाव में ज्ञानार्जन के लिए गुरू की आवश्यकता होती है। शिक्षक पढ़ा लिखाकर बच्चों को महज डॉक्टर, इंजीनियर नही बनाते बल्कि सशक्त समाज के लिए आदर्श नागरिक भी तैयार करते है। इस दौरान ललित जैन, खुश वर्मा, भारत वर्मा, रेमन वर्मा, संतोष गालव, राजेन्द्र गेंड्रे, तिरिथ कुर्रे सहित दोनो स्कूलो शिक्षक, शिक्षिका सहित आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका व ग्रामवासी उपस्थित थे।

# कई कार्यक्रम में शामिल हुए विक्रांत सिंह

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़



छुईखदान ब्लॉक के शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला साल्हेकला में शाला प्रवेश उत्सव, वृक्षारोपण व गुरु पूर्णिमा के अवसर पर शिक्षकों के सम्मान समारोह का आयोजन जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह के मुख्य आतिथ्य में हुआ। मुख्य अतिथि विक्रांत सिंह ने शाला प्रवेश उत्सव की महत्ता को लेकर कहा कि यह दिन बच्चों के जीवन में एक नई शुरुआत का प्रतीक होता है।

उन्होंने बच्चों और अभिभावकों को शिक्षा के महत्व से अवगत कराते हुए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की दिशा में शासन द्वारा किए जा रहे प्रयासों की जानकारी दी। वृक्षारोपण दौरान उन्होने पर्यावरण संरक्षण के प्रति लोगों को जागरूक करते हुए कहा कि वृक्ष हमारे जीवन का आधार हैं और हमें अधिक से अधिक पौधे लगाने चाहिए। उन्होंने राज्य व केंद्र सरकार की विभिन्न लोककल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी उपस्थित ग्रामीणों को दी। विद्यालय के शिक्षकों का सम्मान करते हुए विक्रांत सिंह ने कहा कि गुरु का स्थान जीवन में सर्वोपरि होता है। एक गुरु ही होता है जो अज्ञानता के अंधकार से निकालकर ज्ञान के प्रकाश की ओर ले जाता है। उन्होंने सभी शिक्षकों को गुरु पूर्णिमा की शुभकामना दी। इस दौरान छुईखदान मंडल भाजपा अध्यक्ष भावेश कोचर, जिपं अध्यक्ष प्रतिनिधि खम्हन ताम्रकार, जिपं सदस्य ललित चोपड़ा, बलराम जंघेल, अशोक पाल सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण व अभिभावक उपस्थित थे।

# कलेक्टर ने किया जलाशयों का निरीक्षण

- जल भराव की स्थिति का लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान



कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चंद्रवाल ने छुईखदान विकासखंड स्थित मध्यम जलाशय पिपरिया तथा पैलीमेटा जलाशयों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने जलभराव की स्थिति का जायजा लेते हुए वर्षा ऋतु के दौरान जल संसाधन से जुड़ी तैयारियों की समीक्षा की। इस अवसर पर जल संसाधन विभाग के कार्यपालन अभियंता, अनुविभागीय अधिकारी, उप अभियंता सहित अन्य उपस्थित थे। कार्यपालन अभियंता ने अवगत कराया कि वर्तमान में पिपरिया जलाशय में 67.80 प्रतिशत तथा पैलीमेटा जलाशय में 48.00 प्रतिशत जलभराव दर्ज किया गया है। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि संभावित अतिवृष्टि की स्थिति में आवश्यक सतर्कता एवं त्वरित कार्रवाई हेतु विभागीय अमला पूर्णतः तैयार रहे।

### जल प्रबंधन किया जाए

उन्होंने कहा कि किसानों को खरीफ फसल सीजन में सिंचाई के लिए जल की आवश्यकता के अनुसार जलाशयों से जल प्रबंधन किया जाए, ताकि कृषकों को समय पर पर्याप्त सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराई जा सके। उन्होंने जलाशयों की तकनीकी स्थिति, सुरक्षात्मक उपायों तथा जल प्रवाह तंत्र की नियमित निगरानी के भी निर्देश दिए। कलेक्टर श्री चंद्रवाल ने अधिकारियों से कहा कि मानसून अवधि में किसी भी आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए पूर्व से ही समुचित कार्ययोजना तैयार रखी जाए, जिससे जन-धन की क्षति से बचा जा सके।

### माइग्रेन, मिर्गी तथा अन्य गंभीर रोगों के विशेषज्ञ प्रत्येक शनिवार को

**राजनांदगांव।** राजनांदगांव के मरीजों को अब अपने ईलाज के लिए बड़े शहरों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे, क्योंकि अब राजनांदगांव में उच्च गुणवत्ता वाली स्वास्थ्य सेवाएं आरोग्यम सुपर स्पेशलिटी क्लीनिक सतनाम भवन नया बस स्टैंड राजनांदगांव में उपलब्ध होगी। इससे लोगों को समय और पैसे दोनों की बचत होगी एवं वे स्थानीय स्तर पर ही ईलाज पा सकेंगे।

नस, मस्तिष्क एवं स्पाइन रोगों के विशेषज्ञ डॉ. कुलदीप सिंह आज क्लीनिक में उपलब्ध रहेंगे, जो सिरदर्द, ब्रेन ट्युमर्, पैरालाइसिस, दिमाग में खून जमना, नस फटना, दिमाग में चोट, पैरों में जलन, सुन्नपन लगना, रीढ़ की हड्डी में चोट, घुटनों में दर्द, सर्वाइकल या गर्दन में दर्द, कमर दर्द या साइटिका, मिर्गी या बार-बार दौरे पड़ना, याददास्त का कम होना या जाना, नसों की कमजोरी, हाथ एवं पैरों में सुन्नपन, झनझनाहट, पार्कीनसन इत्यादि गंभीर रोगों का इलाज करेंगे।

आरोग्यम सुपरस्पेशलिटी क्लीनिक में किडनी प्रोस्टेट पथरी, मूत्र, कान-नाक-गला, निसंतानता एवं कॉस्मेटिक गायनेकोलॉजिस्ट तथा चर्मरोग विशेषज्ञ समय-समय पर अपनी सेवाएं देते रहते हैं।

# शिक्षकों, डॉक्टरों का सम्मान



**गंडई पंडरिया।** गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर भाजपा मंडल और महिला मोर्चा ने समाज सेवा में जुटे प्रतिष्ठित व्यक्तियों को सम्मानित किया। यह सम्मान विभिन्न कार्यालयों और संस्थानों में जाकर किया गया। शाल और श्रीफल भेंट कर गुरुओं के प्रति कृतज्ञता व्यक्त किया गया।

भाजपा मंडल गंडई के अध्यक्ष राकेश ठाकुर और महिला मोर्चा की सदस्यों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गंडई में पदस्थ डॉ. प्रशांत सोनी, पीएमश्री हाईस्कूल गंडई के प्राचार्य पवन ददरिया, निजी चिकित्सक डॉ एमसी अग्रवाल, ब्रह्माकुमारीज़ संस्थान की दीदियों और रामायण मंडली की प्रमुख शैला त्रिपाठी का सम्मान किया। मंडल अध्यक्ष राकेश ठाकुर ने इस अवसर पर कहा, गुरु पूर्णिमा के अवसर पर हमने उन व्यक्तियों को सम्मानित किया है, जो किसी न किसी रूप में समाज सेवा कर रहे हैं। वह अपनी बातों और कार्यों से लोगों को भलाई के लिए मार्गदर्शन दे रहे हैं। इस दौरान सांसद प्रतिनिधि राकेश ताम्रकर, नारायण शर्मा, दिनेश भट्ट, मंगल जैन, पार्षद अशोक पटेल, सावंत कुमार, महिला मोर्चा अध्यक्ष अंजली देवांगन, उमा चौबे सहित अन्य उपस्थित थे।

# मलेशिया में आयोजित स्पर्धा में अचिंत्य प्रथम

## एनबीआईएस बोरी के बच्चों का शानदार प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव




नीरज बाजपेयी इंटरनेशनल स्कूल बोरी के बच्चों ने 28 जून को माइंड मेमोरी एजुकेशन संस्था द्वारा मलेशिया के जेंन्टिंग हाईलैंड पहांग में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय मैथ्स अबेकस ओलंपियाड 2025 में शानदार प्रदर्शन करते अनेक पुरस्कार प्राप्त किए।

मलेशिया में आयोजित प्रतियोगिता में 12 देशों के लगभग 4000 बच्चों ने भाग लिया। जिसमें शाला के पांच बच्चों ने अपने-अपने स्तर में टॉप-थ्री में अपना स्थान सुनिश्चित कर सफलता प्राप्त की। शाला के कक्षा पांचवीं के छात्र अचिंत्य श्रीवास्तव प्रथम, अनय मोटवानी व अरनव रामटेके दोनों द्वितीय, प्रियल दिनेश विघने तथा साहिल जैन कक्षा आठवीं ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। छात्र अचिंत्य श्रीवास्तव ने दो मिनट पचास सेकंड में ही 120 सवालों के जवाब देकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। बच्चों की इस उपलब्धि पर शाला परिवार गौरवान्वित है।

### शानदार प्रदर्शन पर दी शुभकामनाएं

शाला के डायरेक्टर नीरज बाजपेयी ने बच्चों की शानदार प्रदर्शन पर शुभकामनाएं देते परिजनों को भी बधाई दी। श्री बाजपेयी ने कहा कि छोटी उम्र में बच्चों की बढ़ती प्रतिभा को पहचानने की आवश्यकता होती है। सही दिशा और सही मार्गदर्शन सफलता की पहली सीढ़ी है। शाला के अबेकस शिक्षक रमाकांत साहू का मार्गदर्शन बच्चों को हमेशा मिलता रहा है। शाला प्राचार्य एकता गांधी ने बच्चों की इस उपलब्धि पर बधाई देते आगामी प्रतियोगिता के लिए शुभकामनाएं देते कहा कि शाला के लिए बड़े ही हर्ष का विषय है, बच्चों से आगे भी इसी तरह की उपलब्धि की अपेक्षा है। इस अवसर पर शाला की डायरेक्टर सोनल बाजपेयी, एडमिन नितिन चौहान, शिक्षक तथा सभी कर्मचारियों ने अबेकस शिक्षक एवं बच्चों को शुभकामनाएं दी।

## अंजोरी ने बनाया अपना आशियाना, गांव में मिल रहा रोजगार

# बैगाओं के लिए वरदान साबित हो रहा पीएम आवास

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान



प्रधानमंत्री जनमन महाभियान जिले के विशेष पिछड़ी जनजाति बैगा समुदाय के लिए वरदान साबित हो रही है। पीएम जनमन महाभियान के तहत विकासखंड के ग्रामीण क्षेत्रों में बैगा जनजाति समुदाय के लोगो को चिन्हांकित कर प्राथमिकता से योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। ग्राम पंचायत सिंगारपुर के ग्राम तुमड़ादाह में वर्षों से योजनाओं के लाभ से वंचित बैगा वर्ग के हितग्राहियों के लिए पक्के आशियाने का सपना साकार हुआ है। अब वह स्थायी तौर पर एक जगह निवास कर रहे हैं। बैगा जनजाति के अंजोरी राम जैसे ग्रामीणों के लिए गांव में ही आजीविका के अवसर खुल रहे हैं।

अंजोरी राम ने बताया कि पीएम जनमन महाभियान के आने से उनके परिवार की दशा और दिशा ही बदल गई है। पहले वह और उनका परिवार मजदूरी कर पालन-पोषण करता था। आर्थिक तंगी के चलते झोपड़ीनुमा घर में निवास करते थे। पीएम जनमन महाभियान के तहत वर्ष 2023-24 में उन्हें आवास की स्वीकृति मिली। उन्होंने कभी सोचा भी नहीं था कि सरकार घर बनाने के लिए पैसा देती है।

### राजमिस्त्री बना रहा दूसरों का घर

मनरेगा इंजीनियर ने बताया कि वह तकनीकी प्रशिक्षण प्राप्त कर अपने आवास को बनाते हुए भी राज मिस्त्री बन सकते हैं। काम का उन्हें भुगतान भी मिलेगा। महात्मा गांधी नरेगा योजना अंतर्गत कार्यरत जनपद के तकनीकी अमलो के द्वारा उन्हे गांव में ही पीएम जनमन महाभियान के तहत बन रहे आवासो में राज मिस्त्री का विस्तृत प्रशिक्षण प्राप्त हुआ। इस प्रशिक्षण में ईंट जोड़ाई, लेवलिंग, प्लास्टर जैसी तकनीकी दक्षता सिखाया गया, साथ ही फील्ड पर बन रहे आवासो में व्यावहारिक अनुभव भी दिया गया। जिसके बाद उन्होनें अपने खुद के घर को बनाने में सहयोग किया। राज मिस्त्री का प्रशिक्षण पाकर अपने घर को बनाने में राशि की बचत तो हुई, साथ ही उन्हें इस गांव के अन्य आवास को बनाने के लिए भी लोग संपर्क किए है। इससे उन्हें ग्राम स्तर पर ही अतिरिक्त आय के स्त्रोत मिल गए। इससे न केवल उनकी आर्थिक स्थिति मजबूत होगी बल्कि उनके सामाजिक जीवन में भी सुधार आएगा।

# गोद ग्राम सोनपुरी में लगा विशेष शिविर

## वृद्धा पेंशन के लिए निर्धारित प्रक्रिया अनुसार भराया आवेदन

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़



महामहिम के गोद ग्राम सोनपुरी में कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल के निर्देशानुसार समाज कल्याण विभाग द्वारा विशेष शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान सामाजिक सहायता कार्यक्रम अंतर्गत संचालित पेंशन योजनाओं के सात हितग्राहियो का आधार आधारित मोबाइल एप्लीकेशन बेनिफिशरी सत्यापन ऐप के माध्यम से सत्यापन किया गया।

ग्राम पंचायत के 17 बुजुर्गो द्वारा वृध्दावस्था पेंशन की मांग पर निर्धारित प्रक्रिया अनुसार आवेदन भराया गया। पांच दिव्यांगो को प्रमाण पत्र और यूडीआईडी कार्ड की प्रक्रिया की जानकारी दी गई पेंशन के नया आवेदनो की स्वीकृति के लिए जनपद सीईओ को प्रेषित किया गया। उक्त शिविर संयुक्त कलेक्टर व प्रभारी अधिकारी समाज कल्याण विभाग सुमन राज के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया था। इस दौरान सरपंच सीमा वर्मा, सचिव पुनीता साहू, रोजगार सहायक खिलेश्वरी जंघेल, रामअवतार साहू, हेमंत टंडन, राकेश कुमार साहू, नवीन ठाकुर सहित अन्य उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### एसएसपी ने 8 निरीक्षक और 3 उनि और दो सउनि का तबादला किया

**भिलाई।** जिले के 13 पुलिस कर्मियों का तबादला एसएसपी विजय अग्रवाल ने किया है। जिसमें 8 निरीक्षक ,3 उप निरीक्षक, 2 सहायक उप निरीक्षक का ट्रांसफर हुआ है। जिसमें थाना नेवई से खुर्सीपार निरीक्षक आनंद शुक्ला, जेवरा से सिरसा निरीक्षक प्रकाशकांत, पुलगांव से ट्रैफिक निरीक्षक पुष्पेन्द्र भट्ठ, नंदिनी से ट्रैफिक निरीक्षक मनीष शर्मा, ट्रैफिक से कुम्हारी निरीक्षक पीडी चंद्रा, कुम्हारी से ट्रैफिक जनकराम कुर्रे, सायबर सेल से दुर्ग कोतवाली निरीक्षक तापेश्वर नेताम. खुर्सीपार से पुलिस लाइन दुर्ग वंदिता पानीकर, अमलेश्वर से नेवई उनि कमल सिंह सेंगर, अंजोरा से जेवरा प्रभारी खगेन्द्र पठारे, लिटिया सेमरिया से अंजोरा प्रभारी सउनि संतोष साहू, अंडा से चौकी प्रभारी लिटिया धनेन्द्र पाण्डेय और मोहन नगर से नंदिनी प्रभारी उनि पारसनाथ ठाकुर को जिम्मेदारी दी गई है।

### आफिस के ड्रॉज से 84 हजार पार

**भिलाई।** आफिस का ताला तोड़कर सामान पार करने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने जुर्म दर्ज किया किया है। पुलगांव पुलिस ने बताया कि ऋषि अग्रवाल अल्ट्राटेक सिमेंट कंपनी मे सी एण्ड एफ एजेंट में काम करता है। जिसका शाखा ग्राम खपरी मे भी है। खपरी के डिपो कर्मी चंद्रभान साहू,मिथलेश पटेल रोज का काम कर लेबर का पेमेंट कर बचत रकम 84 हजार 400 रूपये को आफिस के ड्राज मे रखकर आफिस बंद कर निकल गया। 7 जुलाई को सबह स्टाफ डिपो आफिस पहुंचा तो ससारा सामान बिखरा पड़ा मिला। ड्राज में रखे रुपए भी गायब मिले, आफिस के पीछले हिस्से में दूसरा आफिस संचालित है।

### अंतर विद्यालयीन भारोत्तोलन स्पर्धा का आयोजन

**सेलूद।** स्वामी आत्मानंद शासकीय विद्यालय (सेजस) घुघुवा (क) में विकासखंड स्तरीय अंतर विद्यालयीन भारोत्तोलन प्रतियोगिता आयोजित की गई।जिसमें पाटन विकासखंड के अलग-अलग विद्यालयों से बच्चों ने भाग लिया। इन बच्चों के साथ संबंधित विद्यालय के व्यायाम शिक्षक भी उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि जनपद सदस्य व सभापति प्रणव शर्मा ने स्पर्धा की शुरुआत की। अध्यक्षता सरपंच श्रीमती शैलेंद्री साहू ने की। विशेष अतिथि सेजस घुघुवा क विद्यायल के एसएमडीसी अध्यक्ष थानेश्वर साहू, रवि साहू आदि मौजूद रहे।

### इंटकवेल में कचरा निकालने जुटी एनडीआरएफ की टीम

**दुर्ग।** लगातार हो रही बारिश और मोगरा बैराज से छोड़े गए पानी के चलते शहर में जल आपूर्ति व्यवस्था बाधित हो गई है। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए कलेक्टर अभिजीत सिंह ने शिवनाथ नदी किनारे स्थित 24 व 42 एमएलडी इंटकवेल का निरीक्षण किया। इस दौरान महापौर श्रीमती अल्का बाघमार, संयुक्त कलेक्टर हरवंश मिरी,नगर निगम आयुक्त सुमित अग्रवाल सहित तहसीलदार प्रफुल्ल गुप्ता उपस्थित रहें।

# शासन की एडवाइजरी: नैनो डीएपी किसानों के लिए ठोस डीएपी उर्वरक का स्मार्ट विकल्प

हरिभूमि न्यूज ▸▸ दुर्ग

छत्तीसगढ़ सरकार किसानों को रासायनिक उर्वरकों की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए लगातार प्रयासरत है। खरीफ 2025 के दौरान डीएपी (डाय-अमोनियम फॉस्फेट) की कमी को ध्यान में रखते हुए राज्य शासन ने इसके व्यवहारिक विकल्प के रूप में नैनो डीएपी के भंडारण एवं वितरण की विशेष व्यवस्था की है। इसके साथ ही एनपीके और एसएसपी जैसे वैकल्पिक उर्वरकों का भी लक्ष्य से अधिक मात्रा में भंडारण कराया गया है। खेती में ठोस 'डीएपी उर्वरक की कमी को पूरा करने के लिए किसानों को उसके विकल्प के अनुरूप कृषि वैज्ञानिकों के सुझाव के अनुरूप नैनो डीएपी अथवा एनपीके और सिंगल सुपर फास्फेट खाद की मात्रा का उपयोग करने की सलाह दी जा रही है। नैनो डीएपी एक आधुनिक, किफायती और प्रभावशाली तरल उर्वरक है, जो पारंपरिक डीएपी की तुलना में कहीं अधिक उपयोगी और पोषक तत्वों से भरपूर है। इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय, रायपुर के वैज्ञानिकों ने नैनो डीएपी का समर्थन करते हुए कहा है कि इसके उपयोग से खेती की लागत में कमी आती है। नैनो डीएपी खेत में पोषण की कमी को प्रभावी ढंग से पूरा करता है और उत्पादन की गुणवत्ता को भी बढ़ाता है। नैनो डीएपी पर्यावरण के लिए भी सुरक्षित है। एक एकड़ धान की फसल के लिए एक बोरी ठोस डीएपी का उपयोग होता है। जिसकी लागत 1350 रुपए होती है, जबकि एक एकड़ में 25 किलो ठोस डीएपी और 500 मिली नैनो डीएपी के मिश्रण का उपयोग किया जाए तो इसकी लागत घटकर 1275 रुपए आती है।

## डीएपी की कमी को देखते हुए किया गया भंडारण, किसानों को वितरण की तैयारी

### कृषि वैज्ञानिकों ने किसानों को बताए फायदे

इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के कृषि वैज्ञानिकों ने एक एकड़ धान की खेती के लिए नैनो डीएपी के उपयोग की विधि को विस्तार से जानकारी दी है। इसके अनुसार नैनो डीएपी की मात्रा साढ़े 600 मिली मात्रा एक एकड़ धान की खेती में लगती है। धान की बुआई से पहले एक एकड़ के लिए 30 किलो बीज को 150 मिली नैनो डीएपी को तीन लीटर पानी में घोलकर उसमें बीज उपचारित कर आधा घंटा छाव में सुखाने के बाद बुआई की जाती है। रोपा के समय 50 लीटर पानी में 250 मिली नैनो डीएपी को मिलाकर उसमें थरहा की जड़ों को आधा घंटा डुबाकर रखने के बाद रोपाई तथा फसल बोआई के तीस दिन बाद 125 लीटर पानी में 250 मिली नैनो डीएपी को घोलकर खड़ी फसल पर इसका छिड़काव करना होता है। इससे फसलों को पोषक तत्व मिल जाते हैं।

### डीएपी के मुकाबले लागत कम, फायदा ज्यादा

नैनो डीएपी फसलों को भरपूर मात्रा में पोषक तत्व प्रदान करने के लिए बेहतर विकल्प है। यह पारंपरिक डीएपी के मुकाबले लागत कम और प्रभाव अधिक है। पारंपरिक डीएपी की एक बोरी की कीमत लगभग 1350 रुपए होती है, वहीं नैनो डीएपी की एक बोतल से कई एकड़ भूमि को लाभ पहुंचाया जा सकता है। यह स्प्रे के माध्यम से सीधे पौधों पर छिड़का जाता है, जिससे पोषक तत्वों का त्वरित अवशोषण होता है। राज्य शासन द्वारा किसानों को डीएपी उर्वरक के विकल्प के रूप में नैनो डीएपी सहित वैकल्पिक उर्वरकों का पर्याप्त भण्डारण समितियों में किया जा रहा है। किसानों को इसके उपयोग के लिए प्रशिक्षण एवं जागरूकता शिविर भी आयोजित किए जा रहे हैं। कृषि विभाग ने किसानों से नैनो डीएपी तथा एनपीके, एसएसपी जैसे वैकल्पिक उर्वरकों का उपयोग करने की अपील की है।

## बारिश में भीगते हुए यूनियनों ने की लेबर कोड व निजीकरण पर रोक की मांग

# बीएसपी में हड़ताल का आंशिक असर जनविरोधी नीतियों का किया विरोध

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिलाई

केंद्र सरकार की जन और उद्योग विरोधी नीतियों और सार्वजनिक उपक्रमों तथा सरकारी विभागों के निजीकरण के खिलाफ बुधवार को राष्ट्रव्यापी हड़ताल का भिलाई इस्पात संयंत्र में आंशिक असर रहा । केंद्रीय यूनियनों व स्वतंत्र फेडरेशनों के आह्वान पर 7 श्रमिक संगठनों यानी संयुक्त यूनियन के बैनर तले किया गया आंदोलन शांतिपूर्ण रहा। बीएसपी के दो गेटों पर यूनियन नेताओं ने मूसलाधार बारिश के बीच सरकार के खिलाफ प्रदर्शन के दौरान नारेबाजी कर ड्यूटी जाने वाले कर्मियों को हड़ताल में शामिल होने की अपील की और सरकार से सभी मांगों को पूर्ण करने पर जोर दिया। यूनियनों ने अपनी बात सरकार व सेल प्रबंधन तक पहुंचाने में कर्मियों का व्यापक समर्थन मिलने का दावा किया है वहीं बीएसपी प्रबंधन ने प्लांट में उत्पादन व कामकाज सामान्य बताया। वहीं दल्लीराजहरा माइंस मे 80 प्रतिशत हड़ताल सफल होने का दावा सीटू, इंटक व एटक ने किया है।

सरकार की नई श्रम संहिताओं और निजीकरण व महंगाई के खिलाफत सहित 25 सूत्रीय मांगों को लेकर केंद्रीय यूनियनों की अपील पर इंटक, सीटू, एटक, एचएमएस, एक्टू,लोइमू, स्टील वर्कर्स यूनियनों द्वारा द्वारा बीएसपी में हड़ताल का निर्णय लिया था। संयुक्त यूनियन द्वारा यहां हड़ताल को सफल बनाने के लिए हफ्तेभर से बीएसपी कर्मियों व ठेका मजदूरों को एकजुट कर तमाम तैयारी में जुटी थीं। लेकिन पिछली 28 अक्टूबर की हड़ताल की तरह मुद्दे सेलव्यापी होने की बजाए अभी राष्ट्रीय होने और भारी वर्षा के चलते बीएसपी में हड़ताल को आंशिक सफलता ही मिल सकी।

संयुक्त यूनियन के नेता बीएसपी के मेन गेट के निकट मुर्गा चौक और बोरिया गेट पर सुबह 8 से शाम 6.30 बजे तक पंडाल में झंडे लहराते हुए बीएसपी ड्यूटी जाने वाले कर्मियों से पर्चे बांटकर हड़ताल में शामिल होने का आह्वान करते रहे। लेकिन अधिकतर कर्मचारियों में दिलचस्पी नहीं दिखी।

इससे उत्पादन प्रभावित होने की प्रबंधन की मुश्किलें आसान हो गईं। दोनों गेटों पर संयुक्त यूनियन के नेताओं ने सरकार और सेल प्रबंधन के खिलाफ आर्थिक व उद्योग नीति को लेकर जमकर नारेबाजी की और लेबर कोड सहित तमाम जनविरोधी नीतियों को वापस नहीं लेने पर आंदोलन तेज करने की चेतावनी दी। इंटक के जीएस वंशबहादुर सिंह, एस रवि, शिवशंकर सिंह, गिरीराज देशमुख,सीटू के जीएस जगन्नाथ त्रिवेदी,डीवीएस रेड्डी एसपी डे, वेंकट,एटक के जीएस विनोद कुमार सोनी विनय मिश्रा, एचएमएस के जीएस पीके मिश्रा, अध्यक्ष हरिप्रसाद यादव, एक्टू के बृजेंद्र तिवारी, श्यामलाल साहू शनि साहूस्टील वर्कर्स यूनियन जीएस नंदकिशोर गुप्ता, संजय गुप्ता,टंडन दास, लोईमू के जीएस सुरेंद्र मोहंती व देंवेंद्र सैनी, स्टील ठेका श्रमिक यूनियन के जीएस संजय साहू,आल इंडिया यूथ फेडरेशन के शर्मा, शमीम कुरैशी व प्रवीण कुमार, राज मिस्त्रीयूनियन के जीएस सुखरंजन नंदी सहित संयुक्त यूनियन के गिरी राव, राजुकमार, आरपी शर्मा आदि पदाधिकारियों सहित गुर्गा चौक पर नारेबाजी करते हुए डटे रहे।

संयुक्त यूनियन के वीबी सिंह, श्री रेड्डी व वीके सोनी ने बताया कि बीएसपी में हड़ताल को कर्मियों का व्यापक समर्थन मिलने से केंद्र सरकार पर श्रमिक व उद्योगविरोधी नीतियों को वापस लेने और सेल वेतन समझौता जल्द पूर्ण करने व एरियर्स भुगतान के लिए सेल प्रबंधन पर भी दबाव बढ़ेगा।

## सुबह 4 बजे से फर्स्ट शिफ्ट व अधिकारियों को बुला लिया था ड्यूटी



### अलसुबह से अफसरों ने प्लांट व इस्पात भवन में संभाला मोर्चा

पिछले साल की सफल हड़ताल को देखते हुए बीएसपी प्रबंधन ने उत्पादन बरकरार रखने और शांति व्यवस्था के लिए चौतरफा तैयारी की थी। इसके तहत फर्स्ट व जनरल शिफ्ट के कर्मियों को सुबह ही ड्यूटी बुलवा लिया गया था और नाइट कर्मियों को भी प्लांट में रोक लिया गया था। इस्पात भवन सहित वर्क्स यानी प्लांट व नान वर्क्स के अधिकारियों को भी सुबह 4 बजे जवाबदारी दे गई थी। सभी के लिए नाश्ता, पोहा व पुलाव आदि की व्यवस्था की गई थी। जीएम सीजीएम लेबल के अधिकारी इस्पात भवन के साथ प्लांट मे घूम, घूमकर स्थिति पर नजर रखे हुए थे। वहीं सभी गेटों व संवेदशील प्वाइंटों पर सीएसआईएफ, एसएएफ व भट्ठी थाना टीआई व कोतवाली थाना प्रभारी प्रशांत मिश्रा सहित भारी पुलिस जवान तैनात थे। आईआर व एलआईबी सक्रिय थी व वीडियोग्राफी की जा रही थी। हड़ताल को लेकर प्रबंधन न उत्पादन व उपस्थिति सामान्य रहने का दावा किया।

### यह हैं प्रमुख मांगें

4 श्रम संहिताओं को रद्द व सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों तथा सरकारी विभागों का निजीकरण बंद करने, सेल और आरआईएनएल की किसी भी इकाई में कोई विनिवेश या निजीकरण और स्थाई प्रकृति के कार्य को आउटसोर्स नहीं करने, लंबित सेल वेतन समझौता जल्द पूर्ण करने एवं एरियर्स का जल्द भुगतान किया जाए ,हायर पेंशन स्कीम लागू किया जाए, असंगठित क्षेत्र के कर्मचारियों को मिनिमम 26 हजार रुपए वेतन दिया जाए ,पुरानी पेंशन योजना को बहाल किया जाए, बोनस पात्रता पर सभी सीमाएं समाप्त की जाएं एवं ग्रेच्युटी सीलिंग समाप्त किया जाए ,आवेदन जमा करने के 45 दिनों के भीतर ट्रेड यूनियन का अनिवार्य रूप से पंजीकरण किया जाए, मूल्य वृद्धि पर नियंत्रण किया जाए, खाद्य पदार्थ दवाओ कृषि उपकरणों और मशीनरी पर जीएसटी हटाया जाए, बिजली संशोधन विधेयक 2022 को वापस लिया जाए, काम के अधिकार को मौलिक अधिकार बनाया जाए, अमीरों पर कॉरपोरेट कर बढ़ाएं वसंविधान पर हमला रोका जाए ।

### से. 1 चौक में ठेका मजदूरों को स्टील ठेका श्रमिक यूनियन ने किया एकजुट

केंद्रीय ट्रेड यूनियन के राष्ट्रव्यापी हड़ताल के तहतस्टील ठेका श्रमिक यूनियन इंटक द्वारा मुर्गा चौक में



ठेका श्रमिकों द्वारा हड़ताल व प्रदर्शन किया गया । बीएसपी के ठेका श्रमिकों ने भारी बारिश के बाद भी हड़ताल में शामिल होकर प्रदर्शन किया। नया श्रम कानून को रद्द करने एवं श्रमिकों के कार्य करने का समय 8 घंटा ही रखने।ठेका श्रमिकों को बीएसपी के एस-1 का वेतन दिया जाए या 26 हजार रुपया वेतन प्रतिमाह निर्धारण किया जाए। एवं केंद्र सरकार द्वारा निर्धारित न्यूनतम वेतन को बीएसपी में लागू किया जाए।, ठेकाश्रमिकों को 5% आवास भत्ता दिया जाए या बीएसपी के खाली आवास को आवंटित किया जाए।ठेका श्रमिकों को संयंत्र में दो गेटों से आवाजाही और मोटरसाइकिल जाने की भी अनुमति मिले, 10 लाख का दुर्घटना बीमा किया जाए और सही उपस्थिति दर्ज व सीपीएफ डालने के लिए बायोमेट्रिक से उपस्थित दर्ज किया जाए। रात्रि भत्ता प्रदान किया जाए एवं साइकिल भत्ता, कैंटीन भत्ता एवं हिट एवं डस्ट अलाउंस दिया जाए।,ठेका श्रमिकों को वेतन पर्ची,लीव कार्ड एवं अंतिम भुगतान और छुट्टी की राशि दी जाए। हड़ताल व प्रदर्शन में सीपी वर्मा, दीनानाथ सिंहसार्वा, आर दिनेश, मनोहर लाल सुरेश, श्याम कुंवर, गुरुदेव साहू, जसबीर सिंह, रिखी राम साहू, संतोष ठाकुर, सुरेश दास टंडन, कान्हा आदि कार्यकारिणी और प्रतिनिधि सदस्य व मजदूर उपस्थित थे।



# डीहपारा बासीन में मनाया गया गुरु पूर्णिमा का पर्व

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बेमेतरा

शासकीय प्राथमिक शाला डीहपारा बासीन विकासखंड साजा में गुरु पूर्णिमा मनाया गया। सबसे पहले बच्चों ने मां सरस्वती व गुरुजनों का आरती गुलाल व फूल से स्वागत कर आर्शीवाद लिए गुरु वंदना किया। गुरुजनों ने भी उन्हें स्वस्थ आर्दश नागरिक बनने का आर्शीवाद दिया। बच्चों को चॉकलेट वितरण किया। संस्था प्रमुख प्रधान पाठक गोपी चरण साहू ने गुरु महिमा पर बच्चों को बताया कि वर्ष के चौथे माह अर्थात अषाढ़ मास की पूर्णिमा को गुरु पूर्णिमा के रूप में मनाया जाता है इस महाभारत के रचयिता भगवान व्यास जी की जयंती भी है। यह दिन हम सभी को ऋषिऋण से उऋण होकर समाज में ज्ञान परम्परा को अविरत बनाए रखने के कर्त्तव्य का स्मरण कराता है शाला की शिक्षिका सीमा रानी देवांगन ने बच्चे को आरुणी कि गुरु भक्ति कहानी सुना कर कहा कि बच्चो की पहली पाठशाला घर व माता पिता पहली गुरु होता है। इसलिए उनका सदैव सम्मान करना चाहिए। शाला में आज चुनाव कराया गया। जिसमें अध्यक्ष प्रवीण निषाद, प्रधान मंत्री गुलिस्ता बानो, उप प्रधानमंत्री भूमिका यादव, खेल मंत्री आलिया यादव, स्वस्थ्य मंत्री थलज निषाद व लीना ठाकुर खाद्य मंत्री प्राची व डीकेश्वर निषाद शिक्षा मंत्री नामिका ठाकुर गोदावरी निषाद पर्यावरण मंत्री वैभव ठाकुर रुपनारायण वर्मा खोया पाया मंत्री गायत्री वर्मा टेक राम को चयनित किया गया।

उक्त अवसर पर शाला समिति के महिला पुरुष सदस्य शाला के बच्चे पालकगण उपस्थित रहे।



# गुरु अंधकार से प्रकाश की ओर ले जाने वाला सच्चा मार्गदर्शक

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बेरला

शासकीय पूर्व माध्यमिक एवं प्राथमिक शाला भरचट्टी में गुरु पूर्णिमा का पर्व हर्षोल्लास और धूमधाम से मनाया गया। गुरु पूर्णिमा आषाढ़ मास की पूर्णिमा को मनाया जाता है। यह पर्व गुरु और शिष्य के बीच विश्वास और समर्पण के अटूट बंधन को दर्शाती हैं।

■ भरचट्टी स्कूल में मनाया गया गुरु पूर्णिमा का पर्व

यह दिन महर्षि वेदव्यास की जयंती के रूप में भी मनाया जाता है, जिन्होंने महाभारत की रचना एवं वेदों का संकलन किया. यह पर्व आध्यात्मिक जागरूकता और आत्मिक उन्नति का प्रतीक है। आशीष पांडेय द्वारा बताया गया कि गुरु, ज्ञान और मार्गदर्शन प्रदान करने के साथ-साथ, शिष्यों को अनुशासित जीवन जीने के लिए भी प्रेरित करते हैं। वे न केवल ज्ञान देते हैं, बल्कि यह भी सिखाते हैं कि उस ज्ञान को सही तरीके से कैसे इस्तेमाल किया जाए। शिक्षिका हिरकणी साहू के द्वारा बताया गया कि गुरु शब्द में 'गु' का अर्थ है 'अंधकार' और 'रु' का अर्थ है दूर करने वाला अर्थात गुरु का शाब्दिक अर्थ हुआ 'अंधकार से प्रकाश की ओर ले जाने वाला मार्गदर्शक'। सही अर्थों में गुरु वही है जो अपने शिष्यों का मार्गदर्शन करे और जो उचित हो उस ओर शिष्य को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करे। प्रधान पाठक शत्रुघ्न ठाकुर द्वारा बच्चों को अनुशासन में रहने की सीख दी गई। इस उपलक्ष्य में शिक्षिका नीतू परगनिया के द्वारा बच्चों को नेवता भोज कराया गया। इस कार्यक्रम में शिवकुमार मूक्ति, तरुण साहू,कल्पना मरकाम सहित बच्चे उपस्थित रहें।

### महापौर व आयुक्त ने किया जल भराव क्षेत्र का निरीक्षण

**भिलाई।** संपूर्ण क्षेत्र में मानसूनी प्रभाव एवं प्रकृति का कहर रूपी अतिवृष्टि के कारण जल भराव की स्थिति निर्मित हुई है। सुरक्षागत कारणों से महापौर नीरज पाल, आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय, महापौर परिषद् सदस्य लक्ष्मीपति राजू, सीजू एन्थोनी एवं निगम टीम सुबह 7.30 बजे से दोपहर तक विभिन्न क्षेत्रों में दौरा किए। दीक्षित कॉलोनी स्थित कोसानाला, साकेत नगर कोहका, इंदु आईटी स्कूल के सामने नाला, कोसानाला के समीप बने पीएम आवास, कोसानगर गौठान, जुनवानी रोड स्थित एम जे कॉलेज आदि स्थलों का बड़ा नाला सहित अन्य क्षेत्रों का निरीक्षण किए।

# उत्तर वसुंधरा नगर में जल जमाव से लोग परेशान

**भिलाई।** नगर पालिक निगम भिलाई चरोदा के भिलाई-3 के वार्ड 18, उत्तर वसुंधरा नगर में गैस एजेंसी के पीछे गौरव पथ से लगी हुई कॉलोनी में जल भराव की स्थिति पैदा हो गई है। लोगों का घरों से निकलना मुश्किल हो गया है।



कॉलोनी में नाली और सड़क की व्यवस्था न होने से ऐसे हालात हर साल बरसात के मौसम में बन जाते हैं। कॉलोनी के पोंगल गणेश पूजा मैदान के आसपास की स्ट्रीट्स में जल जमाव की समस्या ज्यादा है। आलमयह है कि हर स्ट्रीट में घुटने भर पानी भरा हुआ है। लोग अपने दोपहिया वाहन घरों से नहीं निकाल पा रहे हैं। वहीं सब्जी वाले, दूध वाले नहीं पहुंच पा रहे हैं। नियमि कचरा संग्रहण करने वाली नगर निगम की गाड़ी भी नहीं पहुंच पा रही। लोगों के घरों में तीन दिन से घरेलू कचरा जमा हो गया है।इस कॉलोनी की किसी भी स्ट्रीट में नालियां और सड़क नहीं बनवाई गई हैं। कॉलोनी के ज्यादातर निवासी सीएसईबी और रेलवे से रिटायर्ड हैं और दस साल से वहां निवासरत हैं।

## पेज 11 के शेष

### उर्वरक की कोई कमी ...

सभी प्रकार की खाद पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हो। वर्तमान में समिति में उर्वरक भंडारण की स्थिति संतोषजनक है और वितरण भी सुचारू रूप से किया जा रहा है।

### भारी वर्षा से नवागांवकला ...

हैं, की अब जाए कहां । बच्चे बारिश की पानी से बचे या पढ़ाई करें, खाना पीना हो कही भी हो सकता हैं पर रात्रि में सोए कहाँ । सभी मोहल्ले वासी बिसाउहा निर्मलकर धनंजय सिंह हरिओम सेन ने शासन-प्रशासन से सहयोग की अपेक्षा में हैं, किसी तरह से बारिश की पानी का रास्ता निकल जाए जिससे उन्हें अपना खुशमय जीवन वापस मिल सकें ।

### बुचीडीह हत्याकांड की ....

जिस पर बेरला पुलिस ने मुस्तैदी से पूछताछ की तो आरोपी महिला ने हत्या की बात स्वीकार करते हुए बताई कि घटना के दिन विगत रविवार व सोमवार के बीच मृतक पति अभिषेक सिह रात को आरोपी पत्नी रीना के बीच नशे में आकर गालीगलौज व हाथापाई करते हुये मारपीट व काफी विवाद करने लगा, जिससे आहत होकर पत्नी ने नशे में धुत पति की सब्जी काटने के औजार हसिया ने अंधाधुंध जानलेवा वार की। जिसके बाद अपने परिजनों के पास जाकर इस घटना की जानकारी दी एवं स्वयं को बेगुनाह साबित करने के लिए साजिशन उन्होंने अज्ञात आरोपी द्वारा हत्या की बात पुलिस को बताई। किन्तु बेरला एसडीओपी-विनय कुमार के नेतृत्व में थाना प्रभारी केके सिह ने जबरदस्त कार्यवाही करते हुए मामले का पर्दाफाश कर आरोपी महिला को सलाखों के पीछे पहुंचा दिया। जिसमें पुलिस की इस कार्यवाही में विशेष रूप में साइबर प्रभारी मयंक मिश्रा, प्रधान आरक्षक-दीनानाथ सिन्हा, नोहर यादव, महिला आरक्षक-पूनम सिंह व मालती साहू, आरक्षक-रामेश्वर पटेल, सुरेंद्र जांगड़े, धनसाय मिरे व अन्य स्टॉफ की सराहनीय भूमिका रही।

### कृषि उन्नति योजना के ...

कारण किसान आधुनिक संसाधनों में निवेश नहीं कर पाते। कृषि उन्नति योजना किसानों को आर्थिक संबल प्रदान करेगी, जिससे वे उन्नत बीज, कृषि यंत्र, जैविक खाद आदि को अपना सकें।

**फसल विविधिकरण को मिलेगा बढ़ावा:** राज्य सरकार द्वारा इस योजना के माध्यम से फसल विविधिकरण को भी बढ़ावा देने का लक्ष्य रखा गया है। इससे न केवल मृदा की गुणवत्ता बेहतर होगी, बल्कि जल संसाधनों का संरक्षण और किसानों की आमदनी में इजाफा भी सुनिश्चित होगा।

### शासकीय जमीन में बेजाकब्जा ...

कब्जा किए जाने की खबर से शहर में आक्रोश फैलने लगा अब देखना यह है इस मामले में क्या कार्रवाई की जाती है नियम से तो कार्यवाही जेसीबी मालिक पर भी होना चाहिए जिन्होंने बिना किसी की अनुमति के सरकारी जमीन में कार्य किया वह भी इस तरह के व्यवसाय के लिए जिसे हटाने के लिए पूरा शहर लगा हुआ है

### मतदाता सूची में नाम जोड़ने ...

ओर से स्पष्ट किया गया है कि /"कोई मतदाता न छूटे/" इस संकल्प को लेकर यह शिविर आयोजित किया जा रहा है, ताकि युवा मतदाता लोकतांत्रिक प्रणाली में भागीदारी कर सकें। जिला प्रशासन ने सभी पात्र विद्यार्थियों से आग्रह किया है कि वे निर्धारित तिथि को शिविर में आवश्यक दस्तावेजों के साथ उपस्थित होकर मतदाता सूची में अपना नाम जोड़वाएं।


# दो ज्वेलरी शॉप से नकली सोना देकर असली लेकर भागा, अपराध दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिलाई

दो ज्वेलरी शॉप में नकली सोना देकर असली लेकर जाने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने जुर्म दर्ज किया है। छावनी पुलिस ने बताया कि

■ सर्कुलर मार्केट भिलाई की है घटना

रामनगर सुपेला निवासी पवन कुमार सोनी की सरकुलर मार्केट भिलाई में न्यू अभिषेक ज्वेलर्स के नाम से शॉप है।



7 जुलाई की शाम शॉप में एक व्यक्ति पहुंचा था। उसने सोने का टाप्स बताकर उसके बदले पीड़ित के शॉप से सोने की अंगुठी पसंद कर 2.780 ग्राम लिया। जिसकी कीमत 29 हजार रुपए है। चांदी का सिक्का 5 ग्राम का 2 नग खरीदा जो हजार रुपए का था।

व्यक्ति राजेश पाठक द्वारा दिए गए उक्त सोने को चेक करने पर टाप्स नकली निकला। बिल भी व्यक्ति ने राजेश पाठक के नाम से ही बनाया था। व्यक्ति की उम्र करीब 65 वर्ष का होगा पेंट शर्ट पहना हुआ था। बाल उसके पके हुए थे। व्यक्ति द्वारा इसी तरह रायपुर, दुर्ग में भी ठगी करने की जानकारी मिली है।

व्यक्ति की सारी हरकत सीसी कैमरे में कैद है। वहीं दूसरी घटना पावर हाउस स्थित सहेली अलंकरण में हुआ है। जहां अज्ञात व्यक्ति सोने का टाप्स के बदले सोने की अंगुठी 31 हजार रूपये, 10 ग्राम चांदी का सिक्का 1205 रूपये का लेकर गया। अपना नाम व्यक्ति ने राजेश रामपाल पाठक बताया है। चेक करने पर उक्त सोने का टाप्स नकली निकला है। जिसकी शिकायत गंजपारा दुर्ग निवासी मनोज जैन ने किया है।



## खबर संक्षेप



### नपा अध्यक्ष व पार्षदों ने किया पौधारोपण

**बेमेतरा।** नगर पालिका अध्यक्ष व पार्षदों ने द्वारा गुरु पूर्णिमा पर्व पर एक पेड़ गुरुदेव के नाम वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन जिला मुख्यालय में किया गया । नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा ने जानकारी देते हुए बताया कि गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर एक पेड़ गुरुदेव के नाम कार्यक्रम का आयोजन बेमेतरा सिटी कोतवाली के सामने डिवाइडर में वृक्षारोपण कार्यक्रम में पाषर्दगढ़ एवं अधिकारी कर्मचारियों द्वारा वृक्षारोपण कार्यक्रम किया गया वृक्षारोपण कार्यक्रम में सभी पाषर्दगढ़ एवं अधिकारी कर्मचारियों द्वारा भी एक-एक पेड़ अपने-अपने गुरुदेव के नाम लगाकर कार्यक्रम में सहभागिता दी। वृक्षारोपण कार्यक्रम में पार्षद नीतू कोठारी ,लकी साहू ,गौरव साहू, सूर्या सिंह चौहान, नगर पालिका सीएमओ कोमल ठाकुर कर्मचारीगण सहित अनेक सदस्य उपस्थित थे।

### गुरु पूर्णिमा पर शिक्षकों का किया गया सम्मान

**साजा।** नगर पंचायत साजा की पहली महिला उपाध्यक्ष श्री मति प्रेरणा लाल शौर्य जीत सिंह के अगुवाई में आज शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय साजा में गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर उपस्थित गुरुजनों अलेन कुमार गुप्ता ( प्राचार्य), होरी लाल मिरझा, रश्मि साहू, एकेन देवी साहू , संगीता राजपूत, रूपेश मिश्रा, रूप सिंह जाघेल का साल,श्रीफल भेंट कर सम्मान किया गया। साथ ही शाला में व्याप्त समस्याओं पर प्राचार्य एवं सभी स्टाफ से सार्थक चर्चा करते हुए जल्द निदान करने का भरोसा दिलाया गया। इस अवसर पर श्रीमति पार्वती वर्मा , कमल सिंह राजपूत, गौकरण साहू सभी पार्षद एवं सभापति नगर पंचायत साजा की गरिमामयी उपस्थिति रही।

### फसल बीमा के पंजीयन की अंतिम तिथि 31 तक

**बेमेतरा।** प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत प्राकृतिक आपदाओं जैसे ओलावृष्टि, भू-स्खलन, जल भराव, बादल फटना एवं आकाशीय बिजली आदि से फसल नुकसान की भरपाई हेतु किसानों को बीमा सुरक्षा प्रदान की जाती है। शासन द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार खरीफ फसल बीमा हेतु आवेदन व प्रीमियम भुगतान की अंतिम तिथि 31 जुलाई 2025 निर्धारित की गई है। योजना के अंतर्गत जिले में अधिसूचित खरीफ फसलों में धान सिंचित, धान असिंचित, मक्का, अरहर, सोयाबीन, उड़द एवं कोदो शामिल हैं। इन फसलों पर देय बीमा प्रीमियम राशि प्रति हेक्टेयर मे धान सिंचित मे 1200 रूपये, धान असिंचित मे 900, मक्का मे 1020, अरहर मे 820, सोयाबीन मे 980, उड़द मे 500, कोदो मे 360 शामिल है । बीमा इकाई के रूप में कोदो एवं अरहर फसल के लिए राजस्व निरीक्षक मंडल निर्धारित किया गया है जबकि अन्य फसलों हेतु /"बीमा इकाई ग्राम/" निर्धारित है। इस योजना में इस वर्ष भी बीमा के दिशा-निर्देशों अनुसार ऋणी कृषकों को स्वेच्छा से शामिल होने की सुविधा है।

## आयोजन : गुरु पूर्णिमा पर विविध आयोजन कर गुरुओं का किया सम्मान

# गुरु के ज्ञान से ही विकसित होता है आत्मविश्वास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

शासकीय प्राथमिक शाला फरी में गुरु पूर्णिमा का पर्व हर्षोल्लास और धूमधाम से मनाया गया। सर्वप्रथम ज्ञान की देवी सरस्वती माँ की पूजा की गयी कक्षा पांचवी के बच्चो के द्वारा सरस्वती वंदना प्रस्तुत की गयी. सभी बच्चों ने गुरुओं शिक्षक, शिक्षिका का पूजा करके श्रीफल भेंट किया। तत्पश्चात शिक्षिका सुनीता वर्मा के द्वारा गुरु की महिमा के बारे में बताया गया. उन्होंने कहा की गुरु का स्थान सबसे ऊंचा है. माँ हमारी पहली गुरु है उनका हमेशा आदर सम्मान करना चाहिए. बिना गुरु के ज्ञान मिलना संभव नहीं है. गुरु हमें केवल पढ़ाते ही नहीं, वे हमारे चरित्र, सोच, नैतिकता और आत्मविश्वास का निर्माण करते हैं।

वे हमें जीवन के कठिन रास्तों पर सही निर्णय लेना सिखाते हैं। चाहे वह हमारे स्कूल के शिक्षक हों, माता-पिता हों, या आध्यात्मिक गुरु सभी का हमारे जीवन में विशेष स्थान होता है। शिक्षिका स्मिता साहू ने कहा कि हम भाग्यशाली हैं कि हमें ऐसे गुरु मिले हैं जो हमें सिर्फ किताबें नहीं, जीवन जीना सिखा रहे हैं। हमें चाहिए कि हम उनके बताए मार्ग पर चलें और जीवन में अच्छे इंसान बनें। गुरु पूर्णिमा का यह पर्व हमें विनम्रता और आभार का भाव सिखाता है। आइए, आज हम सभी अपने-अपने गुरुओं को नमन करते हुए यह संकल्प लें कि हम जीवन में सीखते रहेंगे, आगे बढ़ते रहेंगे, और अपने गुरुओं के आदर्शों को कभी नहीं भूलेंगे। सभी बच्चों को गुरु महिमा की कहानी भी सुनाया गया। बच्चों ने कविता और गीत की प्रस्तुति दी।





### गुरु पूर्णिमा पर विधायक ईश्वर साहू ने गुरु को किया नमन



**साजा।** गुरु पूर्णिमा के अवसर पर विधायक ईश्वर साहू अपने शिक्षक सेवानिवृत्ति प्रधान पाठक लखन बैस के निवास ग्राम डोंगी तराई पहुंचे। अपनी पांचवी तक की शिक्षा देने वाले गुरु के पास पहुंचकर विधायक भावुक हो गए। अपनी पढ़ाई बच्चों को विधायक के रूप में देखते हुए गुरुजी ने अपना भरपूर स्नेह दिया। तिलक लगाकर साल श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष हिमांशु वर्मा जनपद अध्यक्ष जितेंद्र साहू नारद देवगन नारद साहू नेतराम साहू सेव निवृत शिक्षक नंदू ठाकुर सहित ग्रामीण उपस्थित रहे।

### गुरुओं के ही सांनिध्य में बनते हैं शिष्य संस्कारी व ज्ञानी : पटेल



**बेमेतरा।** शासकीय कन्या प्राथमिक शाला देवकर शाला में गुरु पूर्णिमा का पर्व धूमधाम से मनाया गया। शाला के समस्त छात्राओं और शिक्षिकाओ द्वारा मिलकर पूजन किया श्रीफल चढ़ाकर प्रसाद वितरण किया गया। प्रधान पाठिका गिरिजा पटेल द्वारा सभी बच्चों को तिलक लगाया गया। बच्चों ने गुरु पूर्णिमा पर चित्रकारी भी किया। बच्चों ने माता सरस्वती की वंदना गाये। सभी ने साथ मिलकर गुरुपूर्णिमा की पूजन किया। प्रधान पाठिका गिरिजा पटेल ने कहा की माता हमारी प्रथम गुरु होती है।गुरु के सानिध्य में शिष्य संस्कारवान और ज्ञानवान बनते हैं। चूंकि हम विद्यार्थी जीवन में है तो हमें सरस्वती माता की नियमित पूजा अर्चना करनी चाहिए। मां सरस्वती ज्ञान की देवी है। तथा जीवन में हमें जिनसे भी कुछ अच्छा सीखने को मिलता है वो सभी हमारे किसी न किसी रूप में गुरु तुल्य है। हमें उनका सदैव सम्मान करना चाहिए। शाला में कार्यरत स्वीपर और रसोइया भी हमें नित प्रतिदिन कुछ न कुछ सीख देते है। हमें उनका भी सदैव सम्मान करना चाहिए। अच्छी आदतें और ज्ञान हमें जहां से भी सीखने को मिले सीखनी चाहिए और यह भी बताया कि वर्तमान में शासन द्वारा नई पाठ्यपुस्तको का प्रकाशन हमारे बीच हुआ है। उसका एक उद्देश्य नैतिक शिक्षा और मूल्य को बढ़ावा देना भी है। शाला में इस प्रकार का आयोजन शाला में बच्चों को नैकिकता सिखाने का माध्यम है। उक्त आयोजन में प्रधान पाठिका गिरिजा पटेल, वीणा रावटे, पुष्पा, महेशीया, सुनीता, खेमा, व शाला की छात्राएं उपस्थित रही ।

### प्राथमिक विद्यालय दाढ़ी में मनाई गई गुरु पूर्णिमा

**दाढ़ी।** शासकीय प्राथमिक विद्यालय में गुरुपूर्णिमा पर्व बढ़े हर्षौल्लास से मनाया गया।जिसमें नगर पंचायत दाढ़ी से सेवा निवृत्त अध्यापिका श्रीमती प्रेमा दुबे श्री अब्दुल गफ्फार खान सर श्री जोहान लाल पुरैना सर गुरुजन की उपस्थिति में गुरु पूर्णिमा पर्व मनाया गया जिसमें सर्व प्रथम मां सरस्वती जी की पूजा अर्चना किया गया तथा अतिथि का गुलाल लगाकर श्री फल देकर स्वागत किया गया श्री खान सर ने बच्चों को गुरु पूर्णिमा पर्व के बारे बताया गया अच्छे से मेहनत करने पढ़ाई करने शाला में सीखने के महत्व को बताया गया पुरैना सर के द्वारा बच्चों को गतिविधि से सीखना के बारे में बताया गया श्रीमती प्रेमा दुबे ने बच्चों को अनुशासन में रहने की नियम बताया गया सभी अतिथि ने बच्चों को कॉपी पेंसिल वितरण किया गया संस्था प्रमुख श्री चंद्रभान सिंह धुर्वे ने आभार व्यक्त किया गया तथा संस्था से महेश्वर सिंह चंदेल आरती गुप्ता प्रतिमा भंडारी भुनेश्वरी कुंभकार राजिम जायसवाल ललिता कुंभकार अनुसुइया निषाद डोमन धुर्वे कॉलेज छात्र अनुवय गुप्ता आदि उपस्थित थे।

### विवेकानंद स्कूल में किया गुरु पूर्णिमा पर गुरुओं का सम्मान



**नवागढ़।** स्वामी विवेकानंद विद्या मंदिर हायर सेकंडरी स्कूल नवागढ़ में बुधवार को गुरु पूर्णिमा का पर्व धूमधाम से मनाया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती की पूजा-अर्चना एवं गुरु वंदना के साथ हुई। विद्यालय प्रमुख वीरेंद्र जायसवाल सहित समस्त छात्र-छात्राओं ने गुरुजनों का विधिवत पूजन कर नारियल व पेन भेंट स्वरूप अर्पित कर उनका सम्मान किया। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षकों ने भी अपने-अपने गुरुजनों को स्मरण करते हुए प्रेरणादायी अनुभव साझा किए।

विद्यालय प्रमुख जायसवाल ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि आषाढ़ मास की पूर्णिमा को गुरु पूर्णिमा के रूप में मनाया जाता है। भारतीय संस्कृति में गुरु का विशेष स्थान है। गुरु ही अपने शिष्यों को जीवन की सही दिशा दिखाते हैं और सफलता के मार्ग पर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करते हैं। कार्यक्रम में शिक्षक अजय साहू, गीतेश्वर यादव, भुनेश साहू, कमलेश साहू, रामेश्वर यादव, वीरेंद्र महिलांग, सपना यादव, खुशी मिश्रा सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

### गुरु का स्थान भगवान से भी बढ़कर होता है : गायत्री जोगी



**बेमेतरा।** शासकीय पूर्व माध्यमिक और प्राथमिक शाला राखी विकासखंड साजा में गुरु पूर्णिमा बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। जिसमें सरस्वती पूजन एवं सरस्वती वंदना के साथ कार्यक्रम की शुरुआत हुई। उसके पश्चात प्रधानपाठक गायत्री जोगी द्वारा बच्चों के द्वारा श्रीफल पुष्पगुच्छ और पेन भेंट की गई। साथ ही बच्चों द्वारा उपस्थित समस्त शिक्षिकाओं को भी श्रीफल और पुष्प गुच्छ दी गई साथ ही तिलक लगाकर चरण स्पर्श की गई। उसके पश्चात प्रधानपाठक गायत्री जोगी और प्राथमिक प्रधान पाठक दीपा म्रिचंदे द्वारा गुरु की महिमा की विस्तृत जानकारी देते हुए बच्चों को भजन सुनाई गई। गायत्री जोगी ने कहा कि गुरु का स्थान भगवान से भी बढ़कर है।गुरु ही हमें अंधकार से निकाल कर प्रकाश की ओर ले जाते हैं। गुरु ही हमें ज्ञान प्रदान कर श्रेष्ठ मानव बनाते है। शिक्षिका प्रतीक्षा दुबे और देवलता साहू के द्वारा भी भजन सुनाई गई। बच्चों कु तोया , हेमीन, अंजली, ऐशवरी, मीनाक्षी आदि के द्वारा कविता व गीत की प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम के अंत में ग्रुप डांस की प्रस्तुति बच्चों द्वारा दी गई। कार्यक्रम के समापन में प्रधानपाठक गायत्री जोगी द्वारा गुरु का हमेशा सम्मान करने की सीख देते हुए आभार व्यक्त किया गया।

### नगर पंचायत अध्यक्ष पहुंचे महामाया मंदिर किया पूजा अर्चना



**साजा।** नगर पंचायत अध्यक्ष हिमांशु वर्मा गुरु पूर्णिमा के अवसर पर अंचल के प्रसिद्ध आस्था के केंद्र महामाया मंदिर पहुंचे। पूजा अर्चना कर गांव की सुख समृद्धि की कामना की। इस अवसर पर मंदिर के पुजारी रवि शर्मा को शाल श्रीफल भेंट कर आशीर्वाद लिया।

# उल्लास साक्षरता के लिए कार्ययोजना बनाई कलेक्टर ने प्रभावी क्रियान्वयन का दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

कलेक्टर की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट के दृष्टि सभाकक्ष में सत्र 2025-26 के लिए उल्लास साक्षरता अभियान की तैयारियों को लेकर विस्तृत बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में असाक्षरों एवं स्वयंसेवी शिक्षकों के पोर्टल में पंजीयन, उल्लास कार्यक्रम के लिए वातावरण निर्माण, उल्लास शपथ, नवाचारी गतिविधियाँ, एवं साक्षरता केन्द्रों के सुचारु संचालन जैसे बिंदुओं पर चर्चा की गई।

कलेक्टर रणवीर शर्मा ने प्रत्येक ब्लॉक में दो-दो मॉडल साक्षरता केन्द्रों की स्थापना, स्मार्ट क्लास स्कूलों का चिन्हांकन, और प्रिंट-रिच शिक्षण वातावरण तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी नोडल अधिकारियों को शीघ्र उन्मुखीकृत कर 15 वर्ष से अधिक उम्र के ड्रॉपआउट बच्चों का चिन्हांकन कर केन्द्रों में जोड़ने की कार्रवाई तेज करने को कहा। बैठक में यह भी तय किया गया कि पंचायती राज संस्थाओं और नगरीय निकायों के जनप्रतिनिधियों को अभियान में सक्रिय रूप से जोड़ा जाएगा।



FLNAT परीक्षा की तैयारी हेतु सत्र सितंबर 2025 व मार्च 2026 को केंद्रित करते हुए रणनीति बनाई गई। *उल्लास केन्द्रों को बनाया जाएगा प्रिंट-रिच और डिजिटल – जिला व ग्राम पंचायत स्तर पर होगी मॉनिटरिंग* साक्षरता मिशन प्राधिकरण की मासिक बैठक में उल्लास साक्षरता अभियान 2025-26 के क्रियान्वयन हेतु बहुपक्षीय रणनीतियाँ तैयार की गईं। जिला, ब्लॉक, नगर एवं ग्राम पंचायत स्तर पर मासिक बैठकें आयोजित कर साक्षरता केन्द्रों की प्रगति का सतत मूल्यांकन किया जाएगा। कलेक्टर ने स्पष्ट निर्देश दिए कि उल्लास केन्द्रों को आकर्षक, रंगीन, शिक्षण सामग्री युक्त बनाया जाए, जिससे असाक्षरों को सीखने का प्रेरक वातावरण मिले। उन्होंने कहा कि 10वीं और 12वीं के स्वयंसेवी छात्र-छात्राओं के लिए बोनस अंक योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार हो, ताकि अधिक युवा इस अभियान से जुड़ें। सभी संबंधित विभागों से अभियान में सहयोग की अपेक्षा करते हुए कलेक्टर ने कहा कि यह सामाजिक जिम्मेदारी है, जिससे जिले को पूर्ण साक्षरता की ओर अग्रसर किया जा सकता है। अंत मे उल्लास साक्षरता की शपथ दिलाई गई । बैठक मे जिला पंचायत सीईओ टेकचंद अग्रवाल, डीईओ कमल बंजारे, सहित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे ।

# अवैध शराब पर कार्रवाई की छोटे-छोटे आरोपी गिरफ्तार

**बेमेतरा/नवागढ़/नांदघाट।** बुधवार को सायबर सेल और नांदघाट थाना पुलिस की संयुक्त टीम ने धोबघट्टी गांव में एक युवक को 86 पौवा देशी मसाला शराब के साथ गिरफ्तार किया।आरोपी की पहचान तोषण कुमार मिरी (28 वर्ष), निवासी धोबघट्टी के रूप में हुई है। पुलिस ने उसके कब्जे से 15,480 मिली देशी शराब जिसकी कीमत 8,600 रुपये आँकी गई है, और नगद जब्त किया है। आरोपी के खिलाफ आबकारी एक्ट की धारा 34(2) के तहत प्रकरण दर्ज कर वैधानिक कार्यवाही की गई है।

हालांकि पुलिस की यह कार्रवाई सराहनीय है, लेकिन बार-बार यही देखा जा रहा है कि अवैध शराब के धंधे में नीचले स्तर के विक्रेता ही गिरफ्त में आते हैं, जबकि माल की सप्लाई करने वाले बड़े स्त्रोत अब भी पुलिस की पकड़ से बाहर हैं।



यह पहला मौका नहीं है जब धोबघट्टी, नांदघाट या अन्य ग्रामीण क्षेत्रों से अवैध शराब जब्त की गई हो। इससे स्पष्ट है कि जिले में अवैध शराब की एक सुनियोजित आपूर्ति श्रृंखला सक्रिय है, जिसे तोड़ने के लिए ज़मीनी स्तर पर और गहराई से जांच की आवश्यकता है।

**बड़ी मछलियां अब तक क्यों बाहर ?:** पुलिस सूत्रों की मानें तो पकड़े गए आरोपी से सप्लायर की जानकारी ली जा रही है, लेकिन पूर्व के मामलों में सप्लाई चैन तक पहुंचने की कोशिशें नाकाम रही हैं। यह सवाल अब ज़रूरी हो गया है कि क्या इन अवैध कारोबारियों को किसी रसूखदार या राजनीतिक संरक्षण का फायदा मिल रहा है? इस कार्यवाही में सायबर सेल प्रभारी उप निरीक्षक मयंक मिश्रा, थाना प्रभारी भुनेश्वर यादव, सउनि यागेश्वर देशमुख, प्रधान आरक्षक रविन्द्र तिवारी, लोकेश सिंह, नुरेश वर्मा, संजय पाटिल, प्रताप यादव, बालमुकुंद सिंह, गोविंद सिंह और आकाश सिंह शामिल रहे।

## बेदखली की कार्रवाई को 4 माह तक रोकने का अनुरोध किया गया

# देवकर में पार्षद की शिकायत पर अतिक्रमणकारी किसानों को नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| देवकर

नगर पंचायत देवकर के सुशासन तिहार शिविर में पार्षद रविशंकर स्वर्णकार वार्ड नंबर 05 के द्वारा अतिक्रमण की शिकायत की गई थी, शिकायत पत्र के आधार पर हल्का पटवारी नंबर 11 देवकर के द्वारा स्थल का नापजोख कर जांच प्रतिवेदन तहसीलदार देवकर को सौंपा गया।

उक्त जांच प्रतिवेदन में देवकर बासीन ग्रामीण पहुंच सड़क मार्ग के किनारे खेत एवम कच्चा मकान बनाकर कुछ लोगों के द्वारा लंबे समय से शासकीय भूमि का उपयोग किया जा रहा है, जिसमे अधिकांशतः कृषि कार्य से जुड़े हुए 31 लोगों को तहसील कार्यालय से नोटिस मिला है। उक्त नोटिस के जवाब में उपस्थित 21 व्यक्तियों के द्वारा बेदखली की कार्यवाही को 04 माह तक रोकने का अनुरोध किया गया है धान की कटाई उपरान्त स्वेच्छा से अतिक्रमित भूमि को छोड़ने की बात कही गई है साथ ही साथ पीड़ित किसानों ने रोष व्यक्त करते हुए कहा कि समूचा देवकर क्षेत्र अतिक्रमण की चपेट में है जिसमे अकलवारा रोड, जामगांव रोड , नवकेशा रोड , डेहरी रोड एवं बस्ती का मुख्य मार्ग भी चपेट में है इससे आवागमन बाधित होता है इसका भी अतिक्रमण अभियान के लिए 10 जुलाई को आवेदन तहसीलदार को सौंपा गया। शिकायतकर्ता वार्ड नंबर 05 के पार्षद रविशंकर स्वर्णकार ने कहा कि शासकीय जमीन वृहद मात्रा में अतिक्रमण की चपेट में है जिससे शासन की लोककल्याणकारी योजना सिर्फ़ कागज़ मे है मवेशी चारागाह के लिए जमीन नही है। उक्त नोटिस पर कहा कि अतिक्रमण मुक्त कर वृक्षारोपण कार्य किया जाएगा ताकि पर्यावरण हरा भरा रहे।




### शिकायत पर एसडीएम ने की कार्रवाई

पूरे मामले में साजा एसडीएम पिंकी मनहर ने बताया कि शिकायतकर्ता रविशंकर स्वर्णकार द्वारा ग्राम देवकर मे अतिक्रमण के सम्बंध में शिकायत किया गया था। जिसके सम्बंध में हल्का पटवारी से जांच कराया गया। जांच में हल्का पटवारी ने शासकीय भूमि पर 31 व्यक्तियों द्वारा अलग अलग जगहों में अतिक्रमण किया जाना प्रतिवेदित किया है।

उक्त प्रतिवेदन के आधार पर न्यायालय में अतिक्रमण प्रकरण दर्ज कर संबंधित व्यक्तियों को नोटिस जारी किया गया। संबंधित व्यक्तियों में 21 व्यक्तियों द्वारा आज जवाब पेश किया गया एवं शेष व्यक्तियों को पुनः नोटिस जारी किया गया है। उक्त मामले में सभी पक्षकारों को समुचित सुनवाई का अवसर दिया जाकर विधिवत छत्तीसगढ़ भू राजस्व संहिता 1959 की धारा 248 के तहत कार्यवाही की जायेगी। संबंधित व्यक्तियों द्वारा पृथक से ग्राम देवकर के अन्य जगहों पर अतिक्रमण पर कार्यवाही हेतु आवेदन दिया गया है। उक्त संबंध में भी हल्का पटवारी से जांच प्रतिवेदन लेकर प्रतिवेदन अनुसार कार्यवाही की जायेगी।

online Booking:-www.tripuryatra.com




रिजर्वेशन कोच
13 अगस्त , 10 सितंबर, 24 सितंबर, 01 अक्टूबर, 29 अक्टूबर , 12 नवम्बर, 10 दिसम्बर, 17 दिसम्बर 2025 (11 दिन)
7 ज्योतिर्लिंग यात्रा
श्री द्वारिकाधीश, श्री द्वारिकाभेंट, श्री शिरडी सांई बाबा, महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग, ओंकालेश्वर ज्योतिर्लिंग, सोमनाथ ज्योतिर्लिंग, नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, घृनेश्वर ज्योतिर्लिंग, त्रयंबकेश्वर ज्योतिर्लिंग, भीमाशंकर ज्योतिर्लिंग, श्री शनि सिंघनापुर
राशि:-स्लीपर -16,500/-, 3 एसी- 27,500/-, 2 एसी- 32,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411